रोहतक
बुधवार 4 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 01
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 22.3
न्यून. 5.5

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकीं निगाहें

## खबर संक्षेप

### लंबी दूरी की मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) तकनीक का सफल फ्लाइट टेस्ट किया। इस सफलता के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह आधुनिक तकनीक है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह टेस्ट ओडिशा के तट के पास चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज (आईटीआर) में किया गया। यह तकनीक लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बनाने में मदद करती है। *एजेंसी*

### सीबीएसई 10वीं-12वीं परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने2026 में होने वाली कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने आधिकारिक परीक्षा संगम पोर्टल पर एडमिट कार्ड डाउनलोड की सुविधा शुरू कर दी है। एडमिट कार्ड में छात्र का नाम, रोल नंबर, जन्मतिथि, परीक्षा केंद्र का नाम और पूरा पता लिखा होगा। *एजेंसी*

### ब्लू व्हेल गेम में 'टास्क' पूरा करने के लिए फांसी पर झूल गया छात्र

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में रहने वाले एक स्कूली छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि छात्र मोबाइल पर ब्लू व्हेल गेम खेलने का आदी था। अनुमान है कि गेम में दिए गए टास्क को पूरा करने के लिए उसने फांसी लगाई होगी, लेकिन सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। अंश साहू (14) श्रीराम कालोनी, छत्रसाल नगर पिपलानी में रहता था और आठवीं कक्षा में पढ़ता था। *हरिभूमि न्यूज*

## प्राइवेसी पॉलिसी पर कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई

# मेटा और व्हाट्सएप कानून मानें या भारत छोड़ें, भारतीयों का डेटा शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे : सुप्रीम कोर्ट

### सीसीआई ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ का लगाया था जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मेटा और व्हाट्सएप को उनकी प्राइवेसी पॉलिसी पर कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हम आपको एक भी जानकारी शेयर करने की इजाजत नहीं देंगे। आप इस देशवासियों के अधिकारों के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकते।

■ कंपनी ने जुर्माने के खिलाफ की थी अपील

सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि यदि आप हमारे संविधान का पालन नहीं कर सकते, तो भारत छोड़ दें। हम नागरिकों की प्राइवेसी से समझौता नहीं होने देंगे। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल पांचोली की बेंच मेटा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। यह याचिका व्हाट्सएप की 2021 प्राइवेसी पॉलिसी से जुड़ी है, जिसमें कंपटीशन कमीशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने नवंबर 2024 में मेटा पर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था। इसे राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने याचिका में आईटी मंत्रालय को भी पक्षकार बनाने को कहा है। कोर्ट 9 फरवरी को अंतरिम आदेश देगा।



गोपनीयता से जुड़ी शर्तें इतनी चालाकी से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उसे समझ ही नहीं पाता

**हमें आदेश जारी करने को मजबूर न करें :** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि देश में लोगों के प्राइवेसी के अधिकार की कड़ी सुरक्षा की जाती है। कोर्ट ने कहा कि इन एप्स में गोपनीयता से जुड़ी शर्तें इतनी चालाकी से लिखी जाती हैं कि आम आदमी उन्हें समझ ही नहीं पाता। यह लोगों की निजी जानकारी चोरी करने का शालीन तरीका है। कोर्ट ने कहा कि हम आपको ऐसा करने की अनुमति नहीं देंगे। आपको इस पर साफ-साफ भरोसा दिलाना होगा, नहीं तो कोर्ट को आदेश जारी करना पड़ेगा। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। मेटा की ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी और व्हाट्सएप की ओर से अखिल सिब्बल पेश हुए। दोनों ने बताया कि जुर्माने की राशि जमा करा दी गई है।

### यू समझें पूरा मामला

- जनवरी 2021 में व्हाट्सएप ने अपनी प्राइवेट पॉलिसी लागू की
- मार्च 2021 में सीसीआई ने व्हाट्सएप ने प्राइवेट पॉलिसी की जांच शुरू की
- नवंबर 2024 में सीसीआई ने मेटा व्हाट्सएप पर 213.14 करोड़ का जुर्माना लगाया
- दिसंबर 2024 में सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपीलीय न्यायाधीकरण में याचिका लगाई
- नवंबर 2025 में कुछ राहत दी गई लेकिन जुर्माना बरकरार रखा
- दोनों सोशल साइट्स ने जनवरी 2026 में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी
- फरवरी 2026 में सुप्रीम कोर्ट ने पॉलिसी को लेकर फटकार लगाई

## व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार की पहली प्रतिक्रिया

# ट्रेड डील से किसानों और उद्योगों के लिए खुलेंगे बड़े अवसर : गोयल

### किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया, इस डील पर हर भारतीय को गर्व

### अमेरिकी राष्ट्रपति का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का किया सम्मान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका से ट्रेड डील पर भारत सरकार का पहला बयान आया है। मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से कहा कि इस डील में किसी के भी हितों से समझौता नहीं किया गया है। यह एक ऐसी डील है, जिस पर हर भारतीय को गर्व होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा एग्रीकल्चर और डेयरी दोनों सेक्टर को सपोर्ट किया है, उनके हितों की रक्षा की। जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं, खासकर ऐसे सेक्टर जिनमें ज्यादा मेहनत लगती है और जो लाखों लोगों को रोजगार देते हैं। गोयल ने कहा कि सभी इस डील से उत्साहित हैं। इसके लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। दोनों देश इस डील पर जल्द ही इस पर साझा बयान जारी करेंगे।



### मेक इन इंडिया को भी मिलेगा बढ़ावा

- गोयल ने कहा कि डील से भारत का निर्यात बढ़ेगा। व्यापार के अवसर बढ़ेंगे और मेक इन इंडिया को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पाट्र्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर समेत सभी मैन्यूफेक्चरिंग सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे।
- यह ट्रेड डील भारत की इकॉनमी के लिए, भारत के सभी 140 करोड़ नागरिकों के लिए, गांवों में रहने वाले हर गरीब व्यक्ति, किसान, मछुआरे, नौजवान और महिला, हमारी बहनों और महिलाओं के लिए बहुत सारे मौके लाएगी।
- हमने पूरे देश से रिपोट्‌र्स देखी हैं। बड़े पैमाने पर उत्साह है। भारत के एक्सपोर्ट से जुड़े सभी लोग, भारत के टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े लोग, जो लोग भारत में मॉडर्न टेक्नोलॉजी लाना चाहते हैं और जो लोग अलग-अलग सेक्टर में इन्वेस्ट करना चाहते हैं।
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का धन्यवाद, उन्होंने पीएम मोदी की मित्रता का सम्मान किया। साथ ही हमारी स्पर्धा वाले देशों में सबसे अच्छा ट्रेड डील किया।

### भारत और अमेरिका जारी करेगा संयुक्त बयान

पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हुए समझौते का विवरण दिए बिना कहा कि व्यापार समझौता अंतिम चरण में है और समझौते की रूपरेखा को स्पष्ट करते हुए जल्द ही भारत-अमेरिका का एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा। गोयल ने कहा कि समझौते के तहत भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएगा। भारत और अमेरिका के बीच सोमवार को ट्रेड डील हुई, इसके तहत अमेरिका भारत पर लगी हुई 25 फीसदी की अतिरिक्त पेनल्टी को भी हटाएगा। ट्रंप ने अप्रैल 2025 में भारत पर 25 फीसदी रेसिप्रोकल टैरिफ और फिर अगस्त में 25 प्रतिशत पेनल्टी का ऐलान किया था।

### विपक्ष की सोच नकारात्मक

पीयूष गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों पर समझौते को लेकर देश को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने विशेष रूप से, कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आड़े हाथ लेते हुए हुए कहा कि उनकी सोच नकारात्मक है और वह भारत की प्रगति के विरोधी हैं। गोयल ने कहा कि वह संसद में इस समझौते के बारे में बोलना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के हंगामे के कारण ऐसा नहीं कर सके। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के साथ बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता पूरा कर लिया है और देश उन्हें बधाई दे रहा है। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों स्वाभाविक सहयोगी हैं और हमारी साझेदारी प्रौद्योगिकियों का सह-निर्माण करेगी, समाधान विकसित करेगी और शांति, विकास तथा दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर काम करेगी।

# बाजार गुलजार

## रुपया 117 पैसे मजबूत, तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त

### तेजी के साथ 90.32 के स्तर पर आया | 2025 में बन गई थी एशिया की सबसे कमजोर करंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 3 साल की 117 पैसे की सबसे बड़ी बढ़त के साथ 90.32 के स्तर पर बंद हुआ। यह तेजी अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील के ऐलान के कारण हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय सामानों पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है। हालांकि आरबीआई के अनुसार डॉलर के मुकाबले रुपया 90.45 पर बंद हुआ। इससे पहले 2025 में रुपया करीब 5% तक टूटकर एशिया की सबसे कमजोर करेंसी बन गया था। जनवरी 2026 में ही इसमें 2% की गिरावट दर्ज की गई थी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार निकासी ने रुपए पर दबाव बना रखा था। हालांकि, मंगलवार को रुपए ने वापसी करते हुए 90.32 के पिछले क्लोज के मुकाबले 117 पैसे की मजबूती दर्ज की।

### सेंसेक्स 2073 अंक चढ़ा 83,739 पर बंद हुआ



शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही। सेंसेक्स में 2073 अंक (2.54%) बढ़कर 83,739 पर बंद हुआ। निफ्टी में 639 अंक (2.55%) की तेजी रही, ये 25,728 पर बंद हुआ। ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ को 50% से घटाकर 18% कर दिया है, जिस वजह से बाजार चढ़ा है। रियल्टी, मेटल और फार्मा शेयर में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.79% चढ़कर बंद हुआ।

### फिर चमकी चांदी, 31 हजार रुपये बढ़ी



सोना और चांदी बाजार में लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद मंगलवार को तेजी आई। वायदा बाजार में चांदी के दाम में करीब 31,584 रुपये बढ़ी। एक दिन पहले इसके दाम 2,42,416 प्रति किलोग्राम थे। एक किलो चांदी का भाव अब 2.74 लाख रुपये पर पहुंच गया है। सोने में भी करीब 2 हजार रुपये की तेजी आई है। 10 ग्राम सोना 1.57 लाख रुपये पर है।

## घनी धुंध बनी जानलेवा, कई हादसे

# कोहरे में पुलिस की गाड़ी कैंटर से भिड़ी, हेड कांस्टेबल की मौत

- *हिसार में गांव ढंढूर के पास सुबह के समय हादसा, प्रदेश में छा रहा घना कोहरा*
- *सोनीपत और रेवाड़ी में युवक की जान गई दिल्ली-जयपुर हाईवे पर लंबा जाम लगा*

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में मंगलवार को भी घना कोहरा छाया रहा। सोनीपत, करनाल, नारनौल, फतेहाबाद, पानीपत, रोहतक, झज्जर, हिसार, कैथल, पंचकूला समेत अधिकांश जिलों में दृश्यता न के बराबर रही। पानीपत-रोहतक में जीरो तो सोनीपत में 5 मीटर से भी कम विजिबिलिटी थी। कम दृश्यता के चलते कई जिलों में हादसे भी हुए। हिसार के गांव ढंढूर के पास सुबह घने कोहरे के कारण फतेहाबाद पुलिस की सीआईए टीम की बोलेरो गाड़ी और आयशर कैंटर की टक्कर हो गई। इससे हेड कांस्टेबल शमशेर की मौत हो गई, जबकि ड्राइवर जसवीर घायल हो गया। घायल को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में दाखिल करवाया गया है। दोनों मुखबिरी मिलने के बाद जांच के सिलसिले में हिसार की तरफ गए थे। वापस फतेहाबाद लौटते समय यह टक्कर हुई। सोनीपत में एनएच 44 पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक की बाइक पिकअप में पीछे से जा घुसी। पुलिस का कहना है कि 25 दिन बाद युवक की शादी होनी थी। परिजन शादी की तैयारियों में जुटे थे। उधर, करनाल के नेशनल हाईवे पर पाइपों से भरा कैंटर पलट गया। हादसे में ड्राइवर घायल हो गया। हादसे के बाद हाईवे पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। वहीं, रेवाड़ी में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर कोहरे के कारण कैंटर-ट्रक की टक्कर होने से एक युवक की मौत हो गई।



**शमशेर**, हेड कांस्टेबल

करनाल में नेशनल हाईवे पर पाइपों से भरा कैंटर पलटा, ड्राइवर घायल

रेवाड़ी में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर टकराए वाहन, कई घायल

### बारिश और ओलावृष्टि से छा रहा कोहरा

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार एक फरवरी को प्रदेश के अनेक हिस्सों में हुई बारिश और ओलावृष्टि के कारण कोहरे का मौसम फिर से बन गया है। आज सबसे कम न्यूनतम तापमान हिसार में 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, भिवानी और सिरसा में 6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

## मणिपुर के 13वें सीएम होंगे युमनाम खेमचंद

**इंफाल (एजेंसी)।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री होंगे। मंगलवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। अब राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक कुकी-जो समुदाय को संतुष्ट करने के लिए 10 कुकी विधायकों में से नेमचा किपगेन को डिप्टी सीएम का पद दिया जा सकता है। मणिपुर से एनडीए के करीब 20 विधायक रविवार रात को दिल्ली पहुंचे थे। 9 फरवरी 2025 को बीरेन सिंह के इस्तीफे के 4 दिन बाद, 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। 12 फरवरी 2026 राष्ट्रपति शासन खत्म हो रहा है।



विधायक दल के नेता बने, कुकी नेमचा किपगेन हो सकती हैं उप मुख्यमंत्री

## पंचायत सेक्रेटरी पद से रिटायर प्रॉपर्टी डीलर की ऑफिस में घुसकर हत्या

**हांसी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रॉपर्टी डीलर की दफ्तर में घुसकर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने वार करते हुए निर्ममता दिखाई। मृतक के चेहरे को बुरी तरह काट दिया गया था। उनके हाथों पर भी चोटों के निशान मिले। सिर में भी गोली मारी गई थी। वारदात का पता उस वक्त चला, जबकि उनकी पत्नी दूधिए का फोन आने के बाद उन्हें देखने दफ्तर पहुंची। मृतक की पहचान 65 वर्षीय सुभाष मलिक निवासी हुड्डा सेक्टर 6 के रूप में हुई। वे पंचायत सेक्रेटरी पद रिटायर हुए थे और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी करते थे। वे सुबह किसी बड़ी डील होने की बात कहकर घर से निकल कर ऑफिस आए थे। दोपहर तक घर नहीं पहुंचने के बाद उनकी पत्नी उन्हें बुलाने आई थी। सुभाष के तीन बेटे है और तीनों ही सरकारी नौकरी में है। पुलिस के मुताबिक, सुभाष मलिक हुड्डा सेक्टर 6 के रहने वाले थे।



हिसार में वारदात तेजधार हथियारों से काटा, गोली भी मारी

## राहुल के भाषण पर लगातार दूसरे दिन हंगामा, आठ सांसद निलंबित

**नई दिल्ली।** लोकसभा में राहुल गांधी के संबोधन पर लगातार दूसरे दिन हंगामा हुआ। राहुल ने मंगलवार दोपहर 2 बजे पूर्व आर्मी चीफ की अनपब्लिश्ड बुक के आर्टिकल को सदन में पेश किया। कहा- मुझे बोलने दिया जाए। उनके यह कहते ही एनडीए के सांसदों ने टोकना शुरू कर दिया। आज वे 14 मिनट तक बोलने की कोशिश करते रहे। इस बीच हंगामा तेज होता गया। राहुल ने सोमवार को भी 46 मिनट तक अपनी बात कहने की कोशिश की थी। हंगामा बढ़ने पर स्पीकर कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने राहुल को रोका और दूसरी पार्टियों के सांसदों को बोलने को कहा, लेकिन राहुल के समर्थन में सपा सांसद नरेश उत्तम पटेल, टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय और डीएमके सांसद डी एम कातिर आनंद ने बोलने से इनकार कर दिया। स्पीकर पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी की चेयर की तरफ विपक्षी सांसदों ने पेपर उछाले। इसके बाद पीठासीन दिलीप सैकिया ने 8 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया।



नरवणे पर आर्टिकल दिखाया, राहुल बोले- मैं विपक्ष का नेता, मुझे बोलने दिया जाए, सांसदों ने स्पीकर की तरफ उछाले पेपर

## 58 साल बाद दिव्यांगजनों को मिलने वाले सेवा विस्तार नियम में बदलाव

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने 58 साल के बाद दिव्यांग जनों को मिलने वाला सेवा विस्तार नियम में बदलाव कर दिया है। राज्य सरकार ने नियमों में बदलाव के साथ ही मिलने वाला सेवा विस्तार अब सरकार की मर्जी पर होगा यह उनका अधिकार नहीं है। इस बारे में अपने नियमों का हवाला देते हुए राज्य सरकार की ओर से कानूनी और अदालती मामलों में साफ कर दिया है कि राज्य सरकार में रिटायरमेंट की उम्र 58 साल है और उसके बाद सरकार 2 साल का दिव्यांग जनों को सेवा विस्तार देती थी। लेकिन दिव्यांगों की श्रेणी को लेकर बढ़ते विवाद और कानूनी विवादों के बाद सरकार ने नियमों में संशोधन कर दिया।

## महिला पर दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग खारिज

# दंपति का झगड़ा कानून तोड़ने और घर में घुसकर हमला करने का लाइसेंस नहीं देता : हाईकोर्ट

### ट्रायल के दौरान ही मामले की सच्चाई सामने आएगी

*कोर्ट ने कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ताओं पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं और इनकी सच्चाई की जांच ट्रायल के दौरान ही हो सकती है, न कि शुरुआती चरण में याचिका खारिज कराकर।*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद को किसी के घर में जबरदस्ती घुसने, गाली-गलौज और मारपीट जैसे कृत्यों का बहाना मानने से साफ इनकार करते हुए ऐसी ही एक एफआईआर को रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल यह कह देना कि पति दूसरी शादी कर रहा था या पारिवारिक विवाद चल रहा था, किसी को कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं देता। जस्टिस सूर्य प्रताप सिंह की एकलपीठ ने कहा कि एफआईआर को रद्द करने की शक्ति बहुत सीमित है और इसका प्रयोग केवल दुर्लभ परिस्थितियों में ही किया जा सकता है।

### गाली-गलौज की, बर्तन फेंके

यह मामला मामला यमुनानगर से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 7 अप्रैल 2017 को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे पूजा समारोह के दौरान वंदना त्यागी और उसके परिजनों ने उनके घर में जबरदस्ती घुसकर गाली-गलौज की, बर्तन फेंके और उनके तथा उनकी बेटी के साथ मारपीट की। आरोप है कि वंदना ने कहा कि उसका पति दूसरी शादी कर रहा है और वह इस विवाह को रोकने आई है। इस घटना के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया।



### याचिकाकर्ताओं की दलील, एफआईआर झूठी

याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि एफआईआर झूठी है और कानून के दुरुपयोग के उद्देश्य से दर्ज कराई गई है। उनका कहना था कि वे अपने रिश्तेदार की कथित अवैध शादी को रोकने गए थे और उनके साथ पुलिस भी मौजूद थी। वहीं राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया कि आरोपियों के खिलाफ स्पष्ट रूप से जबरदस्ती प्रवेश, अपमानजनक भाषा और शारीरिक हिंसा के आरोप हैं तथा जांच में इसके पर्याप्त आधार सामने आए हैं। ऐसे में इस स्तर पर एफआईआर को रद्द करना न्यायसंगत नहीं होगा। सभी दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक विवाद किसी भी तरह से कानून तोड़ने या किसी के घर में घुसकर हमला करने का लाइसेंस नहीं देता।

## हरियाणा में 7 आईएएस अधिकारियों के तबादले

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने तत्काल प्रभाव से 7 आईएएस अधिकारियों के स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

- **रवि प्रकाश गुप्ता** को शहरी संपदा विभाग का प्रधान सचिव और मंडल आयुक्त, हिसार लगाया गया
- **अंशज सिंह** को नरहरि सिंह बांगड़ के स्थान पर नागरिक उड्डयन सलाहकार तथा सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया
- **विक्रम** को हरियाणा मिनरल्स लिमिटेड, नई दिल्ली में प्रबंध निदेशक तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया।
- **वीरेंद्र लाठर** को शिकायत निवारण विभाग में विशेष सचिव के साथ-साथ जिला नगर आयुक्त, अंबाला तथा नगर निगम, अंबाला का आयुक्त लगाया गया।
- **सचिन गुप्ता** को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में अतिरिक्त सचिव तथा एचएसएमआईटीसी का प्रबंध निदेशक लगाया गया है। वे रोहतक के उपायुक्त भी रहेंगे।
- **अपराजिता** को सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विभाग का अतिरिक्त सचिव तथा निदेशक लगाया गया है। वे कैथल की उपयुक्त भी रहेंगी।
- **नरहरि सिंह बांगड़** के नियुक्ति आदेश बाद में जारी किए जाएंगे। नागरिक उड्डयन सलाहकार तथा सचिव के कार्यभार से मुक्त होने के बाद वे अपनी ज्वाइनिंग रिपोर्ट मुख्य सचिव कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

## खबर संक्षेप

### सहायक निदेशक सचिन यादव निलंबित

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य विभाग ने प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद में तैनात सहायक निदेशक-सह-जिला रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं सोसायटीज़ सचिन यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह आदेश हरियाणा सिविल सेवा (आचरण) नियम, 2016 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है।

### फेसलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन पायलट प्रोजेक्ट होगा शुरू

चंडीगढ़। प्रदेश में पेपरलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन को सफलतापूर्वक लागू करने के बाद हरियाणा सरकार अब भूमि प्रशासन व्यवस्था में एक और बड़ा कदम उठाने जा रही है। हरियाणा की वित्त आयुक्त, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि राज्य में 'फेसलेस प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन सिस्टम' का पायलट प्रोजेक्ट फरीदाबाद से मार्च माह के अंत तक शुरू किया जाएगा।

## रोहतक में स्पेशल ओलंपिक भारत एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप का सीएम ने किया शुभारंभ

# स्पेशल ओलंपिक केवल खेल नहीं आत्मविश्वास व नेतृत्व का आंदोलन

### नायब सैनी ने कहा दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए हरियाणा में बनेगा विशेष स्टेडियम

- सीएम ने स्पेशल ओलंपिक भारत को 31 लाख तथा खेल राज्य मंत्री गौतम ने 21 लाख अनुदान देने की भी घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विशेष स्टेडियम बनाया जाएगा। स्पेशल ओलंपिक में शामिल होने वाले खिलाड़ी चुनौतियों को पार करते हुए यह संदेश दे रहे है कि यदि अवसर, प्रशिक्षण और विश्वास मिले, तो हर व्यक्ति असाधारण बन सकता है। स्पेशल ओलंपिक केवल खेल नहीं, आत्मविश्वास और नेतृत्व का आंदोलन है। एमडीयू में स्पेशल ओलंपिक्स भारत का आयोजन होना हरियाणा ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह प्रतियोगिता केवल पदक जीतने का मंच नहीं, बल्कि यह मानव आत्मा की शक्ति, आत्मविश्वास और असीम संभावनाओं का उत्सव है। ऐसा कहना है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का। वे मंगलवार को रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में स्पेशल ओलंपिक भारत राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने स्पेशल ओलंपिक भारत को 31 लाख व खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने 21 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।




रोहतक। मदवि रोहतक में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप का शुभारंभ करते सीएम नायब सिंह सैनी साथ में हैं खेल राज्य मंत्री गौरव, स्पेशल ओलंपिक्स भारत की प्रेसिडेंट, डॉ. मल्लिका नड्डा व अन्य।



रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स भारत एथलेटिक्स नेशनल चैंपियनशिप के दौरान उपस्थित जन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### हरियाणा में खेलों के लिए दोगुना किया बजट

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने पूरे राज्य में खेल सुविधाएं विकसित करने पर पिछले 11 सालों में 989 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। खेल विभाग का बजट भी बढ़ाकर दोगुना से ज्यादा कर दिया है। राई में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की है। वर्तमान में राज्य में 3 राज्य स्तरीय खेल परिसर, 21 जिला स्तरीय खेल स्टेडियम, 25 उपमंडल स्टेडियम, 163 राजीव गांधी ग्रामीण खेल परिसर, 245 ग्रामीण स्टेडियम तथा गांवों में 382 इनडोर जिम उपलब्ध हैं। 10 स्विमिंग पूल, 11 सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, 14 हॉकी एस्ट्रोटर्फ के साथ ही 16 जिलों में जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय में सुविधा केन्द्रों का निर्माण 3 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है।

### खेलों में अग्रणी भूमिका निभा रहा हरियाणा : डॉ. नड्डा

स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में हरियाणा प्रदेश अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे हैं। डॉ. मल्लिका नड्डा ने कहा कि प्रदेश में खेल केन्द्र विकसित किए जा रहे हैं। पीएम के नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में खेलों के बजट को बढ़ाया गया है। यह प्रधानमंत्री की दिव्यांगों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इन खेलों का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को मुख्यधारा में जोड़ना है ताकि वे विकसित भारत में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सके।

### नाभा स्थित हीरा महल में मुख्यमंत्री ने कहा 2027 में पंजाब में भी बनेगी भाजपा सरकार



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि वर्ष 2027 में पीएम मोदी के नेतृत्व में पंजाब में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा सरकार बनते ही दिल्ली से जो योजनाएं हरियाणा व अन्य राज्यों में लागू है वह सभी योजनाएं यहां पर लागू करने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने यह बात मंगलवार को नाभा स्थित हीरा महल में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहीं। पंजाब हमारा परिवार है, हमारी रिश्तेदारियां पंजाब में है। पंजाब और हरियाणा की छत व वेड़ा भी एक ही है। हमारी संस्कृति व संस्कार सब एक है। पंजाब के लोग आप और कांग्रेस की बड़ी-बड़ी बातों को समझ चुके है, ये लोग बातें बहुत करते है लेकिन हकीकत में कुछ नहीं करते, लोग इनसे तंग आ चुके है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली की प्रतिक्रिया

## यूएस से ट्रेड डील दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों का प्रमाण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मोदी के नेतृत्व में विश्व भर में भारत की नेतृत्व क्षमता और वैश्विक साख बढ़ी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भारत-अमेरिका के बीच हुए समझौते को देश के लिए एक बड़ी कामयाबी बताया। पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए बड़ौली ने कहा कि यह ट्रेड डील विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ग्लोबल लीडरशिप को दर्शाती है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ये ट्रेड डील भारत और अमेरिका के मजबूत होते रिश्तों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब हमारे वोकल फॉर लोकल' और 'विकसित भारत' पहल के तहत देश में बने सभी सामानों को फायदा होगा। भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूत होगा और घरेलू इकॉनोमी को बढ़ावा मिलेगा। बड़ौली ने कहा कि यह ट्रेड डील दो बराबर देशों के मजबूत होते रिश्तों का परिणाम है। हमारे विदेश मंत्री और कामर्स एंड इंडस्ट्री मंत्री लगातार लंबे समय से इस पर अमेरिका के साथ बातचीत कर रहे थे।


## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रेवाड़ी

### तत्काल साक्षात्कार (Walk-in-interview)

शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पूर्णतः अंशकालिक संविदा के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति के लिए एक पैनल तैयार करने हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू 16.02.2026 (सोमवार) को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रेवाड़ी में आयोजित किया जाएगा। पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए के.वि.सं. की वेबसाईट (www.kvsangthan.nic.in) पर जाएं।

योग्य उम्मीदवार पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ सभी मूल प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी, एक पासपोर्ट साइज़ फ़ोटोग्राफ लेकर आयें। आवेदन पत्र विद्यालय की वेबसाइट https://rewari.kvs.ac.in/एवं https://bhakli.kvs.ac.in/ पर उपलब्ध है। साक्षात्कार हेतु रिक्त स्थान :- पीजीटी (भूगोल, वाणिज्य, इतिहास, रसायन, संगणक), प्राथमिक शिक्षक, बाल वाटिका शिक्षक, कंप्यूटर अनुदेशक, खेलकूद शिक्षक, नर्स, व्यावसायिक अनुदेशक, विशेष शिक्षक (special educator).

**साक्षात्कार का समय** :- दिनांकः 16.02.2026 को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक है।

सभी पदों की विस्तृत योग्यता के लिए दस्तावेज सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु पंजीकरण दिनांक 16.02.2025 को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रेवाड़ी मे प्रातः 08:30 से 09:30 तक किया जाएगा।

साक्षात्कार में आने के लिए किसी भी प्रकार का टीए/डीए नहीं दिया जाएगा।

प्राचार्या


### गुरुग्राम में ब्रिस्टल होटल से जुड़ी अवैध रजिस्ट्री के मामले में वजीराबाद तहसील के नायब तहसीलदार निलंबित

चंडीगढ़। गुरुग्राम में ब्रिस्टल होटल से जुड़ी अवैध रजिस्ट्री के मामले में हरियाणा सरकार ने सख्त कार्रवाई करते हुए वजीराबाद तहसील के नायब तहसीलदार नरेंद्र को निलंबित कर दिया है। राजस्व विभाग की वित्तीय आयुक्त एवं सचिव सुमिता मिश्रा ने इस संबंध में मंगलवार शाम को आधिकारिक निलंबन के आदेश जारी किए। सरकार की इस कार्रवाई को टाउन प्लानिंग विभाग के निर्देशों की अवहेलना और जानबूझकर की गई प्रशासनिक गड़बड़ी के रूप में देखा जा रहा है। यह कार्रवाई टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की स्पष्ट रोक के बावजूद एमजी रोड स्थित ब्रिस्टल होटल परिसर में रजिस्ट्री करने को लेकर की गई हैं। कानून का खुला उल्लंघन बतायाटाउन प्लानिंग विभाग ने इसे कानून का खुला उल्लंघन और दुर्भावनापूर्ण कृत्य बताया था, जिसके बाद नायब तहसीलदार के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाने की सिफारिश की गई थी। यह मामला एमजी रोड पर स्थित ब्रिस्टल होटल-कम-कमर्शियल कॉम्प्लेक्स से जुड़ा है, जो गांव सिकंदरपुर घोसी की खसरा नंबर 107, 108, 110/3, 112/1 और 113/1 की जमीन पर निर्मित है।

### हाईकोर्ट का सख्त अल्टीमेटम

### करनाल और मेवात के सेशन जज 15 दिन में सांसद-विधायकों के लंबित मामलों पर रिपोर्ट पेश करें

- माननीयों के खिलाफ विचाराधीन मामलों का मामला

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए करनाल और मेवात के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे 15 दिन के भीतर सभी लंबित मामलों की स्थिति, कार्रवाई की वर्तमान अवस्था और विलंब के ठोस कारणों सहित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। स्वतः संज्ञान की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रजिस्ट्रार जनरल को आदेश दिया कि वह तत्काल दोनों न्यायाधीशों से रिपोर्ट तलब करे और तय समय सीमा में उसे रिकार्ड पर लाए। अदालत ने स्पष्ट किया कि इससे पहले भी 10 नवंबर 2025 और फिर 16 दिसंबर 2025 को ऐसे ही निर्देश जारी किए जा चुके हैं, दो महीने बीत जाने के बावजूद संबंधित जिलों से कोई रिपोर्ट दाखिल नहीं हुई।

### अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी को ग्रुप-ए पद पर नियुक्ति से वंचित करने के सरकार के आदेश रद्द

- चार सप्ताह के भीतर सुरेश कुमार के मामले पर नए सिरे से लें फैसला

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसके जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी सुरेश कुमार को ग्रुप-ए पद पर नियुक्ति से वंचित कर दिया गया था। अदालत ने सरकार के 17 नवंबर 2021 के फैसले को मनमाना, भेदभावपूर्ण और कानून की कसौटी पर अस्थिर करार देते हुए निर्देश दिया है कि सुरेश कुमार के मामले पर अन्य खिलाड़ियों की तरह समानता के आधार पर दोबारा विचार किया जाए और पूरी प्रक्रिया चार सप्ताह के भीतर पूरी की जाए। हाईकोर्ट ने कहा कि जिन खिलाड़ियों ने देश का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रोशन किया है, उनके करियर से जुड़े मामलों में निष्पक्षता और समानता प्रशासनिक कार्रवाई की बुनियाद होनी चाहिए। यह आदेश जस्टिस संदीप मौदगिल ने सुरेश कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। सुरेश कुमार एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी हैं।

### राहुल गांधी को लोस में तथ्यात्मक संदर्भ रखने से रोकना चिंतनीय : सैलजा



चंडीगढ़। लोकसभा सांसद और वरिष्ठ नेत्री सैलजा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, विशेषकर चीन से जुड़े विषय पर तथ्यात्मक संदर्भ रखने से रोके जाने की घटना पर चिंता व्यक्त की है। सैलजा ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे गंभीर विषय पर संसद में खुली, तथ्याधारित और जिम्मेदार चर्चा लोकतंत्र की मूल भावना के अनुरूप है। राष्ट्रपति अपने अभिभाषण में देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का स्पष्ट उल्लेख किया था।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 14 दिनांक 29.01.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम अभिषेक जैन ।
पिता का नाम अशोक जैन ।
पता - वासी नियर प्रिंस पुस्तकालय मिशन चौक जिला सोनीपत ।
उम्रः 25 वर्ष
कदः 5 फुट 9 ईन्च ।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, गोल नाक, हष्ट-पुष्ट शरीर, दाहीने हाथ की कलाई पर ओम नमः शिवाय गुदा हुआ हैं।
पहनावा - हरे रंग का सुट व हरे रंग की सलवार, पैरो में जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनांक 20.01.2026 को अभिषेक जैन पुत्र अशोक जैन वासी वासी नियर प्रिंस पुस्तकालय मिशन चौक जिला सोनीपत बिना किसी को बताए अपने घर से कही चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना 7419410532
अनुसंधानकर्ता मो0 नं०. - 9812402660
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच 1084/11/4425/2026/42656/88/6 दि. 03.02.2026


## हरियाणा विस के कर्मचारी और अधिकारी जुटे सत्र की तैयारी में

विस अध्यक्ष विदेश दौरे पर, वीसी के जरिए बजट सत्र की तैयारी पर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार की ओर से 20 फरवरी से बजट सत्र बुलाए जाने की घोषणा की है। हालांकि विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण इन दिनों ऑस्ट्रेलिया के आधिकारिक दौरे पर हैं। उन्होंने मंगलवार को वहां से वीडियो कॉल पर विधान सभा के अधिकारियों से बात कर सत्र की समुचित तैयारियां करने के निर्देश दिए। इसके बाद विधान सभा का पूरा स्टाफ बजट सत्र की तैयारियों में जुट गया है। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण चाहते हैं कि सत्र की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उविधान सभा सचिवालय की सभी शाखाएं अपने-अपने कार्यों में जुटे जाए।

## यूरिया के बैग का वजन घटाकर किसानों को लूट रही भाजपाः हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



राज्य सरकारें किसानों को ठगने के नए-नए पैंतरे अपना रही

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने किसानों के साथ हो रही लगातार लूट पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसानों को ठगने के नए-नए पैंतरे अपनाती जा रही हैं। यूरिया के बैग में वजन घटाकर एक नया फार्मूला शुरू कर दिया गया है। हुड्डा ने कहा कि पहले यूरिया का बैग 50 किलो का होता था। फिर इसे घटाकर 45 किलो कर दिया गया, और अब इसे मात्र 40 किलो कर दिया गया है। नए बैग में 37% नाइट्रोजन और 17% सल्फर होने का दावा किया जा रहा है, लेकिन कीमत वही पुरानी 254 रुपये रखी गई है।

### व्यापार समझौता देश के किसानों के हितों पर कुठाराघातः दीपेंद्र

चंडीगढ़। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह व्यापार समझौता भारतीय किसानों के हितों पर कुठाराघात है। मोदी सरकार ने ट्रम्प के आगे घुटने टेक कर कृषि क्षेत्र में अमरीकी निर्यात के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा जिस टैरिफ डील की घोषणा हुई, उसमें कृषि कहां से आया? हिंदुस्तान के मार्केट में अमेरिका के कृषि उत्पादों के लिए कोई जगह नहीं है। देश का किसान अपने खून-पसीने की मेहनत से देश का पेट भरता है।


## उत्तर रेलवे

### ई नीलामी–सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल के अनुसार)। जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

नीलामी कैटलॉग सं. : UMB-Mix-06-26 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस
प्रारंभ होने की तिथि व समयः 13.02.2026 को 12:00 बजे

| क्र. सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-MET-GMU-177-26-1 (खानपान–जनरल माइनर यूनिट) (जीएमयू) (आकार 10' X 6') स्टॉल नंबर–2, सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या–1, मालेरकोटला (MET) रेलवे स्टेशन पर। | 13.02.2026 को 12:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-BXC-GMU-176-26-1 (खानपान–जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) (आकार 10' X 6') सामान्य श्रेणी के लिए प्लेटफॉर्म संख्या–1, बरवाला (BXC) रेलवे स्टेशन पर। | 13.02.2026 को 12:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-BTI-SMU-175-25-1 (खानपान–स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) (आकार 2.51 x 3:42 वर्ग मीटर) स्टॉल संख्या–01, अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के लिए सर्कुलेटिंग क्षेत्र के बठिंडा (BTI) रेलवे स्टेशन पर। | 13.02.2026 को 12:50 बजे |

नोटः ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखे। 367/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हरियाणा मंत्री समूह की बैठक में कई अहम फैसले लिए

# रिहायशी प्लॉट में नर्सिंग होम खुलने से घर के पास ही इलाज की सुविधा मिलेगी

### ग्रुप-डी की भर्ती सीईटी के आधार पर होगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में सोमवार की देर शाम तक चली हरियाणा कैबिनेट मीटिंग में हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र की तारीख पर मुहर लग गई है। मीटिंग के बाद सीएम नायब सैनी की ओर से जानकारी दी गई कि बजट सत्र 20 फरवरी को सुबह 11:00 शुरू होगा। इसके अलावा कैबिनेट मीटिंग में आवासीय क्षेत्रों में हेल्थकेयर को बढ़ावा, रिहायशी प्लॉट में नर्सिंग होम के लिए पॉलिसी को मंजूरी दी है। इससे पात्र डॉक्टर कॉलोनियों में भी नर्सिंग होम बना सकेंगे। इससे लोगों को घर के नजदीक इलाज की सुविधा मिल सकेगी। सबसे खास रहा ग्रुप डी की भर्ती को लिया गया फैसला। अब ग्रुप डी के पदों (जिनमें न्यूनतम योग्यता मैट्रिक या उससे ज्यादा है) पर भर्ती पूरी तरह कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीइटी) के आधार पर होगी। पुरानी सीइटी (12 जनवरी 2024 वाली, जो 11 जनवरी 2027 तक वैध है) में पास उम्मीदवारों के अंकों (95 में से) को प्रतिशत में बदलकर मेरिट लिस्ट बनाई जाएगी, ताकि पुराने उम्मीदवारों को नुकसान न हो। ये कैबिनेट मीटिंग इस साल की दूसरी मीटिंग है। इससे पहले सीएम नायब सैनी ने एक जनवरी को कैबिनेट मीटिंग बुलाई थी।

### नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी

हरियाणा कैबिनेट ने नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके मुताबिक, 1976 के शहरी क्षेत्र विकास नियम और 1965 के नियंत्रित क्षेत्र नियम में कई तरह के शुल्क/चार्ज (फीस) सालों से नहीं बदले गए थे। इनमें जांच शुल्क, रूपांतरण (कन्वर्जन) लाइसेंस फीस, राज्य अवसंरचना विकास शुल्क इंफ्रास्ट्रक्चर संवर्धन शुल्क (आईएसी), आईएसी)-टीओडी आदि शामिल है। कैबिनेट ने इन शुल्कों में संशोधन की मंजूरी दी, ताकि आज की महंगाई, विकास लागत और शहरों की जरूरतों के हिसाब से इन्हें उचित और व्यावहारिक बनाया जा सके।

### सीईटी के अंकों को 100% वेटेज मिलेगा

हरियाणा समूह डी कर्मचारी (भर्ती एवं सेवा शर्तें) अधिनियम, 2018 की दूसरी अनुसूची में संशोधन को मंजूरी दी है। अब ग्रुप डी के पदों (जिनमें न्यूनतम योग्यता मैट्रिक या उससे ज्यादा है) पर भर्ती पूरी तरह कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के आधार पर होगी। सीईटी के अंकों को 100% वेटेज मिलेगा (कोई इंटरव्यू या अन्य टेस्ट नहीं)। सीईटी का पेपर दो भागों में बंटा होगा। पूरा प्रश्न पत्र मैट्रिक स्तर का ही रहेगा।

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव मंजूर

हरियाणा कैबिनेट ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कैबिनेट मीटिंग में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, जिसके तहत प्रांतीय सरकार की भूमि को पलवल नगर परिषद को पार्किंग स्थल और कार्यालय-सह-व्यावसायिक परिसर के निर्माण के लिए प्रचलित कलेक्टर दरों पर हस्तांतरित किया जाएगा।


## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

### परिशिष्ट–ए (विज्ञा. सं. 02/2026) में शुद्धिपत्र

विज्ञा. सं. 2/2026, दिनांक 09.01.2026 की निरंतरता में, उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय हरियाणा ने मांग सं. 2901 के तहत ग्रुप नं. 5 श्रेणी सं. 36 के तहत गैस रूम ऑपरेटर के पदों की संख्या 02 से बढ़ाकर 32 कर दी है। पदों का संशोधित विभाजन निम्नानुसार है :–

| श्रेणी सं. | विभाग का नाम | पद का नाम | वेतनमान | सामान्य | डीएससी | ओएससी | बीसीए | बीसीबी | ईडब्ल्यूएस | ईएसएम सामान्य | ईएसएम डीएससी | ईएसएम ओएससी | ईएसएम बीसीए | ईएसएम बीसीबी | कुल | पीडब्ल्यूडी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | | वीएच | एचएच | ओएच | एमडी |
| 36 | डीएमईआर हरियाणा | गैस रूम ऑपरेटर | एफपीएल-4 | 17 | 4 | 0 | 4 | 0 | 4 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 2 | 1 | 1 | 1 |

स्थान : पंचकूला
दिनांक : 03.02.2026

हस्ता/– अवर सचिव
कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला

संवाद–1159/13/699/2026/42634/88/6 दि. 03.02.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएस-9271 : 2004, आकार 80 मिमी ओ.डी, 160 मिमी ओ.डी, 200 मिमी ओ.डी, 294 मिमी ओ.डी के अनुरूप परफोरेटेड कॉरूगेटेड पीवीसी पाइप्स एवं फिटिंग्स की खरीद के लिए 02 वर्षीय दर अनुबंध। | 03.02.2026 17.02.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | जल सुरक्षा हरियाणा कार्यक्रम (डब्ल्यूएसएचपी) के तहत उनमें कार्यों के विस्तृत आकलनों समेत विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी के सम्बन्ध में निविदा सूचना का प्रकाशन। | 02.02.2026 23.02.2026 | ईएमडी 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722585444 xenproject1pkl@gmail.com |
| 3 | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत में दो वर्ष के लिए किचन और डाइट्री सेवाओं के लिए निविदा। | 03.02.2026 12.02.2026 | ईएमडी 2.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 Bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | अजमाबाद मोखुटा ब्लॉक निजामपुर - चोराया से ढाणी ततला तक आईपीबी रास्ता का निर्माण + 4 कार्य। | 02.02.2026 09.02.2026 | 136.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nnl@gmail.com |
| 5 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | डीजीसीए/बीसीएएस/एमओसीए इत्यादि द्वारा अपेक्षित अनुसार सभी सम्बद्ध मैनुअल्स की तैयारी, जमा करवाना, अनुमोदन, संशोधन और रखरखाव। | 03.02.2026 09.02.2026 | ईएमडी 40,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच–11/2026/100/42661/I/88/6 दि. 03.02.26




## खबर संक्षेप



### जमानत पर आए बदमाश ने पुलिस पर की फायरिंग भागते हुए टांगें टूटीं

**यमुनानगर।** थाना छप्पर क्षेत्र के गांव स्यालवा के पास सोमवार रात पुलिस व बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। बदमाश ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायर किए। इसमें से एक गोली बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। इसके बाद आरोपी अंडरपास की दीवार फांदकर भागने लगा तो नीचे गिरने से उसकी दोनों टांगें टूट गईं। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया जा रहा है कि आरोपी हथियार सप्लाई करता था। कुछ दिन पहले ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। सीआईए टू पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि जगाधरी निवासी आरोपी बदमाश अरूण गांव स्यालवा के पास किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। टीम इंचार्ज राकेश ने टीम के साथ मौके पर पहुंच घेराबंदी कर उसे काबू किया।

### पुलिस पर फायरिंग करने पर पांच साल कैद

**जींद।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोहरिया की अदालत ने पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के जुर्म में एक व्यक्ति को पांच साल का कारावास व 19 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सीआईए टीम इंचार्ज निरीक्षक अनूप सिंह ने 20 नवंबर 2021 को शिकायत में बताया था कि सीआईए स्टाफ जींद की टीम नरवाना रोड नजदीक पावर स्टेशन डूमरखा कलां के पास मौजूद थी। एएसआई मनोज कुमार को सूचना मिली कि सिया नैन वासी धरौदी गांव ढाकल सिरसा ब्रांच नहर की पटरी पर खंडहर पड़े नहर विभाग के स्टोर में छिपा हुआ है। उस पर हरदीप उर्फ जडेजा वासी धरौदी की हत्या का आरोप था। उसे पकड़ने गए तो उसने फायरिंग कर दी, जिसमें पुलिस कर्मी बाल-बाल बचे।

### वैट : लंबित मामलों में राहत की मांग

**चंडीगढ़।** हरियाणा व्यापार मंडल ने प्रदेश में वैट के लंबित मामलों को लेकर सरकार से एक बार फिर एकमुश्त निपटान योजना को पुनः तीसरी बार लागू करने की मांग की है। संगठन की ओर से माननीय मुख्यमंत्री और जीएसटी आयुक्त, हरियाणा को ई-मेल के माध्यम से विस्तृत पत्र भेजा है। हरियाणा व्यापार मंडल प्रदेशाध्यक्ष विजय लक्ष्मी चंद गुप्ता ने यह मांग की है।

## भिवानी में बिन्नू गैंग ने पेशी पर आए युवक पर गोलियां चलाईं

# सचिवालय परिसर के पास गैंगवार में फायरिंग पुलिस एनकाउंटर में 2 को लगी गोली, 8 काबू

- कोर्ट में काम से आए पुलिस अधिकारियों ने मोर्चा संभाला, दो बदमाशों के दोनों पैरों में लगी गोली, दो आरोपियों के भागते हुए पैर टूटे
- अरविंद और बिन्नू गैंग में कई बार पहले भी हो चुकी है भिड़ंत बिन्नू पर चली थी गोली
- पांच माह पहले भी भिवानी कोर्ट परिसर में हुई थी फायरिंग, सुरक्षा पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भिवानी सचिवालय परिसर के पास मंगलवार को गैंगवार के चलते पेशी पर आए एक युवक अरविंद पर बिन्नू गैंग के लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसमें वह युवक बाल-बाल बच गया। गोली की आवाज सुनते ही पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस की तीन टीमों ने पीछा किया तो बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि दो बदमाश भागते हुए चोटिल हो गए। पुलिस ने आठ युवकों को गिरफ्तार किया है। घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। वहीं, इस मामले में कुल 28 युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पांच माह पहले भी भिवानी कोर्ट परिसर में फायरिंग हुई थी। अब दोबारा फायरिंग होने से सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं।

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि सुबह करीब पौने बारह बजे के आसपास सचिवालय परिसर के बाहर गोली चलने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही सचिवालय में तैनात पुलिस कर्मी, किसी कार्य से आए मुंढाल पुलिस चौकी इंचार्ज, सीआईए प्रथम व सीआईए टू के इंचार्ज भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस की तीन टीमों की दो मुठभेड़ हुई। पहली मुठभेड़ में पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने फायरिंग कर दी। जिससे क्रॉस फायरिंग में जितेंद्र उर्फ जीतू निवासी डॉबर कॉलोनी के दोनों पैरों में गोली लगी। इसी दौरान उसका दूसरा साथी श्रीपाल भागते वक्त गिर गया और पैर टूट गया। दूसरी टीम की आरोपी आयुष परमार के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें आरोपी दोनों पैरों में गोली लगने के बाद जमीन पर गिर गया। इस मामले के कथित रूप से मुख्य आरोपी बिन्नू को भी पुलिस ने हिरासत में लिया। इसी दौरान इसी का साथी इसराइल भागते वक्त गिर गया और उसका पैर टूट गया।




भिवानी। एनकाउंटर में गोली लगने से घायल हुए दोनों आरोपी।

### 28 लोगों से की जा रही पूछताछ

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि जिस पर आरोपियों ने गोली चलाई है, वह अरविंद भी किसी मामले में अदालत में पेशी पर आया हुआ था। इसी दौरान एक मामले में गवाही पर अदालत पहुंचे बिन्नू के साथियों ने अरविंद पर गोली चलवा दी। विगत में अरविंद पर बिन्नू पर गोली चलाने का आरोप है। दोनों के खिलाफ मामले दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी तक मुख्य आरोपी सहित 28 लोगों को हिरासत में लिया गया है। आठ को छोड़कर बाकी लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस अधिकारियों के लिए रिवॉर्ड की सिफारिश करेंगे



पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि इसे संयोग कहे या कुछ और। जिस वक्त गोली की घटना घटी उस वक्त मुंढाल चौकी के इंचार्ज, सीआईए प्रथम व द्वितीय के इंचार्ज किसी कार्य से सचिवालय में आए हुए थे। जैसे ही उनको गोली की सूचना मिली तो वे तत्काल घटना स्थल की तरफ दौड़े। इस दौरान उनका सामना आरोपियों से हो गया। इसमें उक्त पुलिस अधिकारियों ने आरोपियों को अदम्य साहस दिखाते हुए पकड़ लिया। वे उक्त बहादुर पुलिस अधिकारियों को रिवॉर्ड दिलाए जाने के लिए आईजी से सिफारिश करेंगे।

## कांग्रेस में अंदरूनी खींचतान व लंबी प्रक्रिया में फंसा कमेटी गठन

# जिला अध्यक्ष बनने के 5 माह बाद भी 7 जिलों में कमेटी गठित नहीं

- 180 ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति भी अटकी, रोहतक ग्रामीण, हिसार, सिरसा व पानीपत ग्रामीण में कमेटी नहीं बनी
- राव नरेंद्र को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बने हुए भी बीत चुके हैं करीब चार माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/नारनौल

हरियाणा कांग्रेस में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति हुए करीब पांच माह से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद 33 में से सात जिलों में कमेटी की घोषणा नहीं हो सकी है। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के गढ़ रोहतक ग्रामीण, कुमारी सैलजा के प्रभाव वाले क्षेत्र सिरसा व हिसार और पानीपत ग्रामीण समेत सात जिले ऐसे हैं, जहां कमेटी नहीं बनी है। सभी 180 ब्लॉक अध्यक्षों व उनकी कमेटी तो इसके बाद ही बनाई जाएगी। इसके अलावा अधिकतर प्रकोष्ठ भी सक्रिय नहीं हैं। राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बने हुए भी चार माह का समय बीत चुका है। वे बूथ स्तर तक कमेटी बनाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा नहीं हो पा रही। जानकार बता रहे हैं कि कुछ जिलों में नेताओं की अंदरूनी खींचतान भी इसके लिए जिम्मेदार है। पार्टी के बड़े नेता अध्यक्षों व कार्यकारिणी की नियुक्ति अपनी पसंद की बनवाना चाह रहे हैं। वहीं, संगठन जमीनी कार्यकर्ता को तव्वजो देने की बात कर रहा है।

**23 जिलों को 33 में बांटा :** हरियाणा प्रदेश में वर्तमान में 23 जिले हैं, लेकिन कांग्रेस संगठन में सहूलियत की दृष्टि से इन्हें 33 बनाकर चलता है। कई जिलों में शहरी व ग्रामीण अध्यक्ष व कमेटियां अलग-अलग बनाई जा रही हैं।

### 11 साल बाद बन रहा है संगठन

बता दें कि कांग्रेस पार्टी में करीब 11 साल बाद जिला व ब्लॉक स्तर पर संगठन बनाया जा रहा है। इससे पहले आपसी कलह व खींचतान के कारण संगठन का गठन ही नहीं हो पाया था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का एक बड़ा कारण यह भी निकलकर आया था। बता दें कि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह जिला महेंद्रगढ़ के गांव मंढाणा से हैं। उनकी नियुक्ति उपरांत संगठन खड़ा करने में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आया। जिला स्तर पर कार्यकारिणी बनाने के बाद अब ब्लॉक स्तर की कार्यकारिणी गठित नहीं हो पा रही। चर्चा है कि जिला प्रधानों, विधायकों एवं सांसदों के साथ-साथ कांग्रेस के प्रभावी नेताओं में ब्लॉक स्तर के नामों पर सहमति नहीं बन पा रही, इसी कारण देरी हो रही है।

### प्रकोष्ठों को भी सक्रिय करने की जरूरत

कांग्रेस में मुख्य प्रकोष्ठों में भी लंबे समय से नियुक्तियां नहीं हुई हैं। 23 प्रकोष्ठ व विभाग में से 12 तो ऐसे हैं, जिनके राज्य संयोजक व अध्यक्ष के पद लंबे समय से खाली चल रहे हैं। इस वजह से उनकी सक्रियता भी कम है। युवा कांग्रेस में पिछले दिनों निशित कटारिया को अध्यक्ष बनाया गया था। वह मोर्चा संभाले हुए हैं। ओबीसी के राज्य संयोजक रमेश सैनी भी कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। महिला, किसान, कर्मचारी समेत कई प्रकोष्ठों में सक्रियता की जरूरत है।

### भौगोलिक अंतर के कारण ब्लॉक स्तर पर कमेटी बनाने में हो रही देरी : राव



कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तर की कमेटी खड़ा करने में कोई अड़चन नहीं आ रही है। बल्कि अब विधानसभाओं एवं ब्लॉक स्तर पर भौगोलिक अंतर बना हुआ है। गांव का नाम किसी ब्लॉक में है तो उसकी विधानसभा दूसरी जगह है। इस कारण गांवों एवं ब्लॉकों का पार्टी स्तर पर पुनर्गठन किया जा रहा है। इसी पुनर्गठन के कारण देरी हो रही है। टांग खिंचाई जैसी कोई बात नहीं है। सभी को अनुशासन में रहकर कार्य करना होगा। अगले 5-7 दिनों में इस पर भी काम पूरा कर लिया जाएगा और ब्लॉक कार्यकारिणी शीघ्र घोषित की जाएगी।

# छेड़छाड़ के आरोपी ने किया सुसाइड महिला व लिव इन पार्टनर पर केस

- मृतक किसान ने सुसाइड नोट में झूठे आरोप में फंसाने के लगाए आरोप, जहर निगलने से पहले परिजनों को भी फोन पर दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गांव डोभी में एक व्यक्ति ने सोमवार शाम को जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे बाद में उसकी एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक 52 वर्षीय कृष्ण कुमार ने सुसाइड नोट छोड़ा है। इसके अलावा मरने से पहले कृष्ण ने अपने परिजनों को फोन कर बताया कि एक व्यक्ति ने उसे रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी है। पुलिस ने सोमवार सुबह ही कृष्ण पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया था। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में सुसाइड नोट के आधार पर शिकायतकर्ता महिला तथा उसके लिव इन पार्टनर पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस को दिए बयान में डोभी के सुभाष ने बताया कि उसका भाई कृष्ण कुमार खेती करता था और साथ ही धर्मकांटा चलाता था। सोमवार को एक व्यक्ति एक महिला को साथ लेकर उसके भाई के पास आया और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद कृष्ण खेत में चला गया। शिकायतकर्ता के अनुसार खेत में जाने के बाद कृष्ण ने परिजनों को फोन कर बताया कि गांव का एक व्यक्ति उसे रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहा है। डर के मारे उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। कृष्ण ने यह कदम उठाने से पहले सुसाइड नोट भी लिखा, जिसमें उसने उस व्यक्ति तथा उसकी लिव इन पार्टनर महिला को खुद की मौत का जिम्मेदार बताया। शिकायतकर्ता के अनुसार सूचना मिलते ही वे खेत में पहुंचे और गंभीर हालत में कृष्ण को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले आए, जहां उसकी मौत हो गई।

> बालसमंद पुलिस चौकी के एएसआई रविंद्र कुमार के अनुसार पुलिस ने सोमवार को मृतक कृष्ण कुमार पर छेड़छाड़ का केस दर्ज किया था। पुलिस ने मृतक के पास सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसके आधार पर गांव के एक व्यक्ति व उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहने वाली महिला पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया है।

### खरबूजे के पौधे बेचने के एवज में 35 हजार रिश्वत लेते पकड़ा

**करनाल।** 35 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए विषय वस्तु विशेषज्ञ ग्रुप-बी प्रमोद कुमार को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के रिमांड पर भेज दिया गया है। घरौंडा स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल्स में तैनात प्रमोद कुमार को राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

शिकायत के अनुसार, प्रमोद कुमार ने ऑनलाइन आवेदन और निर्धारित शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया को नजरअंदाज कर सब्जी उत्कृष्टता केंद्र, घरौंडा में आए खरबूजे के 10 हजार पौधों को 3.50 रुपये प्रति पौधा की दर से बेचने के बदले 35 हजार रुपये की मांग की थी। शिकायत की पुष्टि के बाद विजिलेंस टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को उसके कार्यालय परिसर में नकद रिश्वत लेते हुए मौके पर पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल में मामला दर्ज किया गया है। विजिलेंस टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है और यह भी जांच की जा रही है कि इस मामले में और कौन-कौन लोग शामिल थे।




## तकनीक

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन की 5 दिन टेस्टिंग पूरी

जींद-सोनीपत ट्रैक की सफाई का काम जारी

# अब एक सप्ताह ट्रायल चलाकर हाईड्रोजन गैस की नमी जांचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पांच दिन भम्भेवा स्टेशन पर चल रही हाइड्रोजन ट्रेन के इंजन की टेस्टिंग पूरी होने के बाद मंगलवार को छठे दिन इंजन जींद पहुंचा। भम्भेवा से डीजल इंजन के साथ ही इसे वापस लाया गया है। पांच दिन की टेस्टिंग में इंजन की गति, ब्रेकिंग सिस्टम, तकनीकी क्षमता और सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की गई है। वहीं पिछले दिनों हाइड्रोजन गैस की नमी की जांच के लिए इंदौर से आया मैकेनिक वापस लौट गया है। दूसरी जगह से दूसरे टेक्ननीशियन को बुलाया जाएगा। जो करीब एक सप्ताह तक यहां रुककर गैस में आई नमी की जांच करेगा। वहीं, जींद-सोनीपत ट्रैक पर झाड़ियों को साफ किया जा रहा है। ऐसे में अब हाइड्रोजन ट्रेन के जल्द ट्रैक पर आने की उम्मीद है। रेलवे मंत्री अश्विनी कुमार वैष्णव ने वर्चुअल बैठक के दौरान केंद्रीय बजट में हाइड्रोजन ट्रेन के जल्द ट्रैक पर आने की बात कही। पिछले लगभग चार सप्ताह से हाइड्रोजन प्लांट में ट्रेन की टेस्टिंग की जा रही थी। पांच दिन पहले इंजन को टेस्टिंग के लिए भंभेवा लाया गया है। जो मंगलवार को देर शाम जींद पहुंचा है। इसमें सुरक्षा नियंत्रण उपकरण, स्पीड सेंसर व कंट्रोल सिस्टम को परखा जा रहा है ताकि जब ट्रेन ट्रैक पर उतरे तो ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके।




### 180 किमी सफर करेगी

हाइड्रोजन ट्रेन 360 किलोग्राम हाइड्रोजन में 180 किमी का सफर तय करेगी। ट्रेन में आवाज काफी कम होगी। इसलिए इनमें यात्री आरामदायक सफर कर सकेंगे। जींद से सोनीपत की दूरी लगभग 90 किलोमीटर है। यह ट्रेन 110 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेगी। बता दें कि जींद से सोनीपत रूट पर देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन चलेगी।

## खबर संक्षेप



### मजीठिया जमानत के बाद जेल से बाहर आए

**पटियाला (भाषा)।** शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया उच्चतम न्यायालय द्वारा आय से अधिक संपत्ति के मामले में जमानत दिए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को पटियाला की नई नाभा जेल से बाहर आ गए। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने पिछले साल 25 जून को अमृतसर स्थित उनके आवास से मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया था जिसमें कथित तौर पर मादक पदार्थों के 540 करोड़ का धनशोधन शामिल है।

### पंकजा के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी

**मुंबई।** महाराष्ट्र की पर्यावरण मंत्री और भाजपा नेता पंकजा मुंडे के हेलिकॉप्टर में उड़ान से पहले ही खराबी का पता चलने से एक बड़ा हादसा टल गया है। पंकजा जिला परिषद चुनाव प्रचार के लिए लातूर जा रही थीं। उड़ान भरने से पहले ही पायलट को यह खराबी दिखी। संभाजीनगर से लातूर के लिए पंकजा हेलिकॉप्टर से जाने वाली थीं। छत्रपति संभाजीनगर से लातूर के लिए उड़ान भरने से पहले ही पायलट को यह खराबी दिखी।

### दिल्ली में होली व दिवाली पर मिलेगा मुफ्त सिलेंडर

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देते हुए मंगलवार को एक बड़ा ऐलान किया। सीएम रेखा गुप्ता ने राजधानी के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को त्योहारों से पहले मुफ्त गैस सिलेंडर योजना को मंजूरी दे दी है। गुप्ता ने इसे दिल्ली के परिवारों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह जन-कल्याणकारी सोच है।

एनडीए संसदीय दल की बैठक में मोदी की नसीहत

# राजग को अनेक चुनावों में जीत पर संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए : प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ▶▶ नई दिल्ली



- राजग अपने अच्छे काम की वजह से एक के बाद एक चुनाव जीत रहा
- बैठक में राजग नेताओं ने किया प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं से मंगलवार को कहा कि गठबंधन अपनी जन-केंद्रित नीतियों एवं कड़ी मेहनत की वजह से विभिन्न चुनाव जीत रहा है और उसके नेताओं को चुनावी विजय को लेकर आत्मसंतुष्टि की भावना से बचना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने राजग संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के सांसदों से कहा कि उन्हें स्थानीय निकाय समेत विभिन्न चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए, बल्कि अच्छा काम करते रहना चाहिए। राजग नेताओं ने 39 देशों के साथ व्यापार समझौते सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान किया। भारत और अमेरिका के व्यापार समझौते पर सहमत होने का जिक्र करते हुए रीजीजू ने कहा कि पूरे देश में इसे लेकर उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहासांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

#### नवीन का स्वागत

भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का बैठक में औपचारिक स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), शिवसेना, जनता दल (सेक्युलर) और राजग के अन्य दलों के सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा, अपना दल की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, राकांपा नेता प्रफुल्ल पटेल, शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के नेता उपेंद्र कुशवाहा और अन्य नेता शामिल हुए।

फैसलों में देरी पर सीजेआई भड़के

# यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी, अब इलाज जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह न्याय व्यवस्था की एक पहचान योग्य बीमारी बन चुकी है, जिसे अब जड़ से खत्म करना जरूरी है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि समय पर न्याय न मिलना, न्याय से वंचित किए जाने जैसा ही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ झारखंड हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 को याचिका खारिज करने का मौखिक आदेश तो सुना दिया, लेकिन महीनों बाद भी उसका लिखित फैसला अपलोड नहीं किया गया।



- अदालतों में महीनों बाद भी फैसलों को अपलोड नहीं किया जा रहा

### जिन्हें बैट पकड़ना नहीं आता, वे क्रिकेट संघों में: सुप्रीम कोर्ट

- खेल की पहचान सिर्फ खिलाड़ियों से

सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेट और अन्य खेल संघों के संचालन पर नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि खेल संस्थाओं का नेतृत्व ऐसे लोगों के हाथ में होना चाहिए, जो खेल को समझते हों। क्रिकेट संघों में रिटायर्ड क्रिकेटरों को जगह मिलनी चाहिए, न कि ऐसे लोगों को जो बैट तक पकड़ना नहीं जानते। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की नेतृत्व वाली बेंच ने बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के चुनाव पर रोक लगाई गई थी। ये चुनाव 6 जनवरी को होने थे, लेकिन उनमें भाई-भतीजावाद और पक्षपात के आरोप लगे थे। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने एमसीए की सदस्यता में अचानक हुई बढ़ोतरी पर सवाल उठाया।

लगातार दूसरे दिन ममता का हमला

# एसआईआर पीड़ितों को बचाव का अवसर नहीं दिया जा रहा

*बंगाल में विस चुनाव से पहले चल रहे एसआईआर को लेकर चल रहा सियासी संग्राम दिल्ली तक पहुंच चुका है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन चुनाव आयोग की कार्रवाई पर सवाल उठाए।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसी बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को फिर आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से प्रभावित लोगों को अपना बचाव करने का अवसर नहीं दिया जा रहा और विधानसभा चुनावों से ठीक पहले राज्यों में इस प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाया।

बंगाल में एसआईआर 'पीड़ितों' के साथ दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वे उन कई अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं जिन्हें इस प्रक्रिया के कारण नुकसान उठाना पड़ा। बनर्जी ने दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारे पीछे बैठे सभी लोग एसआईआर के पीड़ित हैं। मैं यहां लाखों लोगों को ला सकती थी।" तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने आरोप लगाया, वे एसआईआर पीड़ितों को अपना बचाव करने का मौका नहीं दे रहे हैं।




#### मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिल चुकीं हैं

सोमवार को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और अन्य नेता इनमें से कुछ लोगों को लेकर एसआईआर मुद्दे पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात के लिए पहुंचे थे, लेकिन बनर्जी बाद में विरोध जताते हुए बैठक से बीच में ही बाहर निकल गईं और दावा किया कि उनके प्रतिनिधिमंडल का अपमान हुआ है। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम करने का भी आरोप लगाया। एसआईआर के समय पर सवाल उठाते हुए बनर्जी ने मंगलवार को सवाल किया कि विधानसभा चुनाव से ठीक पहले यह प्रक्रिया क्यों की जा रही है।

#### बंगाल की सीएम ने प्रभावित लोगों से मुलाकात की

ममता ने यह भी सवाल उठाया कि यह प्रक्रिया केवल विपक्षी दलों द्वारा शासित राज्यों में ही क्यों की जा रही है, भाजपा शासित असम में क्यों नहीं, जहां चुनाव होने हैं। चुनाव वाले चार राज्यों में से तीन राज्यों में वे एसआईआर कर रहे हैं, लेकिन भाजपा शासित असम में नहीं। चुनाव से ठीक पहले एसआईआर क्यों किया जा रहा है? क्या बिना किसी योजना के इसे 2-3 महीनों के भीतर करना संभव है? ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी ने इससे पहले चाणक्यपुरी के 'बंग भवन' में एसआईआर प्रक्रिया से प्रभावित लोगों से मुलाकात की और दावा किया कि वे पात्र मतदाता हैं जिनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। बनर्जी ने उन्हें हर तरह के सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि उनके अधिकारों, गरिमा और लोकतांत्रिक आवाज के लिए यह लड़ाई तब तक नहीं रुकेगी जब तक न्याय नहीं मिल जाता।

#### 'पीडीए' वोटरों को हटाने की योजना: अखिलेश



**लखनऊ (भाषा)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर सभी जिलों में फॉर्म-7 के जरिये पीडीए के मतदाताओं को मतदाता सूची से हटाने की योजना बना ली है। अखिलेश ने सपा मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह आरोप लगाए। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर सभी जिलों में फॉर्म-7 के जरिये पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के मतदाताओं के नामों को सूची से हटाने की योजना बना ली है।

# ईडी का पश्चिम बंगाल-झारखंड में कोयला माफिया मामले में छापा



- अवैध रेत और कोयले के व्यापार मामले की जांच में तलाशी अभियान
- मामले में तलाशी का पहला दौर पिछले साल नवंबर में चलाया गया था

**कोलकाता (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड और पश्चिम बंगाल में सक्रिय कोयला माफिया के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत पश्चिम बंगाल तथा दिल्ली में कई स्थानों पर नये सिरे से छापे मारे। एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ ईडी के दलों ने सुबह करीब साढ़े छह बजे से दिल्ली, कोलकाता, आसनसोल, दुर्गापुर और पश्चिम बर्द्धमान जिले के अन्य हिस्सों में परिसरों की तलाशी लेनी शुरू की। जिन स्थानों की तलाशी ली गई, उनमें आसनसोल स्थित बुदबुद पुलिस थाने के नवनियुक्त प्रभारी अधिकारी (ओसी) मनोरंजन मंडल का आवास भी शामिल है। ये तलाशी अभियान अवैध रेत और कोयले के व्यापार मामले की जांच से जुड़े हैं।"

### आई-पैक छापे मामले में ईडी की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के कोलकाता ऑफिस पर डाली गई रेड मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टल गई है। अब 10 फरवरी को सुनवाई होगी। यह रेड कोयला तस्करी घोटाले की जांच में 8 जनवरी को की गई थी। ईडी ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में बंगाल सरकार के खिलाफ याचिका दायर की है। आरोप है कि रेड के दौरान सीएम ममता मौके पर बंगाल पुलिस के अफसरों के साथ पहुंचीं और अपने साथ सबूत लेकर चली गईं।




## चिंतन

# यूएस से ट्रेड डील रोजगार के नए मौके पैदा करेगी

भारत और अमेरिका के बीच संपन्न हुई ट्रेड डील को मौजूदा वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक निर्णायक और दूरगामी कदम है। पिछले एक वर्ष से अंतरराष्ट्रीय व्यापार को लेकर जो असमंजस और अनिश्चितता बनी हुई थी, उसका सीधा असर भारत के निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन पर पड़ रहा था। उसका असर व्यापारियों और युवाओं के रोजगार अवसरों पर साफ दिखाई दे रहा था। इस समझौते ने उस माहौल को काफी हद तक समाप्त करने का संकेत दिया है और व्यापारियों, उद्योग जगत तथा युवाओं में नई उम्मीद जगाई है। भले ही सौदे की पूरी शर्तें अभी सामने आनी बाकी हों, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संभावनाओं के द्वार खोलती है। इसे मौजूदा वैश्विक आर्थिक हालात में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। सबसे अहम बात यह है कि भारत ने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के साथ बातचीत में अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना यह समझौता किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना भारत की मजबूत कूटनीतिक स्थिति को दर्शाता है। यह संकेत देता है कि भारत अब केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि वैश्विक व्यापार व्यवस्था में अपनी शर्तों पर बातचीत करने वाला देश बन चुका है। इस डील से 'मेड इन इंडिया' नई गति मिलने की उम्मीद है। जब निर्यात बढ़ेगा तो स्वाभाविक रूप से उत्पादन बढ़ेगा और इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ेगा। कपड़ा, चमड़ा, हीरा-जवाहरात, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी और इंजीनियरिंग सेक्टर जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे। इन सेक्टरों में लाखों लोगों को काम मिलता है और यही कारण है कि इस समझौते को रोजगार सृजन के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। साथ ही, लोगों के हाथों में अधिक पैसा आएगा, जिससे 'ईज ऑफ लिविंग' को भी मजबूती मिलेगी। ट्रेड डील का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र को इससे अलग रखकर अपने किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों की रक्षा की है। यह दिखाता है कि सरकार ने वैश्विक दबावों के बावजूद घरेलू प्राथमिकताओं को नजरअंदाज नहीं किया। भारत द्वारा रूस से तेल की खरीद में कुछ कमी और वैकल्पिक स्रोतों की तलाश यह दर्शाती है कि भारत वैश्विक संतुलन को साधते हुए आगे बढ़ रहा है। हालांकि वेनेजुएला से तेल खरीदना तकनीकी और आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। इस डील का असर बाजारों पर भी दिखाई दिया है। रुपये और सेंसेक्स की तेज उछाल इस बात का संकेत है कि निवेशकों ने इस समझौते का स्वागत किया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का यह कहना कि इस डील में किसी के हितों से समझौता नहीं किया गया, सरकार के आत्मविश्वास को दर्शाता है। उनका यह भी कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा कृषि और डेयरी सेक्टर के हितों की रक्षा की है, इस समझौते के संतुलित स्वरूप को रेखांकित करता है। यह डील भारत के 140 करोड़ नागरिकों, गांवों में रहने वाले गरीबों, किसानों, मछुआरों, युवाओं और महिलाओं के लिए नए अवसर लेकर आ सकती है। कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो सकती है। निर्यात बढ़ेगा, निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। यदि इस समझौते का प्रभावी क्रियान्वयन किया गया, तो यह भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी हब बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा।




संसद
कांतिलाल मांडोत

# सदन की मर्यादा बनाम सियासी सनसनी

संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी।

लोकसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है, जहां शब्द केवल अभिव्यक्ति नहीं होते, बल्कि राष्ट्रीय भरोसे, संस्थागत मर्यादा और संवैधानिक जिम्मेदारी के प्रतीक भी होते हैं। ऐसे में अगर इस मंच पर ऐसे संदर्भ लाए जाएं, जिनका न तो आधिकारिक अस्तित्व हो और न ही सार्वजनिक सत्यापन, तो स्वाभाविक है कि सवाल केवल कथन पर नहीं, कथन करने वाले की मंशा पर भी उठते हैं। पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित किताब के हवाले से डोकलाम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का बयान इसी श्रेणी में आता है, जिसने संसद में हंगामा खड़ा कर दिया और देश के सामने एक गंभीर प्रश्न रख दिया। क्या राजनीतिक लाभ के लिए सदन की नियम-परंपरा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों को दांव पर लगाया जा सकता है?



राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान जिस मैगजीन लेख का हवाला दिया, वह स्वयं एक अप्रकाशित मेमॉयर पर आधारित बताया गया। जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि जिस किताब का जिक्र किया जा रहा है, वह प्रकाशित ही नहीं हुई है, तो इस तर्क को खारिज करना मुश्किल हो जाता है। संसदीय परंपरा साफ कहती है कि सदन में वही तथ्य उद्धृत किए जा सकते हैं, जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध, प्रकाशित और सत्यापन योग्य हों। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी इसी नियम की याद दिलाई। इसके बावजूद, नियमों की अवहेलना कर बार-बार वही संदर्भ दोहराया गया, जिससे बहस का स्तर मुद्दे से हटकर टकराव तक पहुंच गया। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस नेतृत्व, खासकर राहुल गांधी, ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर ऐसे बयान दिए हों, जिन्हें बाद में या तो आधा-अधूरा बताया गया या तथ्यहीन। डोकलाम जैसे संवेदनशील मुद्दे पर बोलते समय अतिरिक्त सावधानी अपेक्षित होती है, क्योंकि यहां केवल सरकार की आलोचना नहीं होती, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सेना की रणनीति, क्षमता और निर्णयों पर भी सवाल खड़े होते हैं। स्वयं स्पीकर ने यह टिप्पणी की कि राष्ट्रीय हित के विषय पर सेना की आलोचना उचित नहीं है। यह टिप्पणी किसी दल विशेष के पक्ष में नहीं, बल्कि संस्था की रक्षा में दी गई चेतावनी थी। राहुल गांधी का यह कहना कि "किताब को प्रकाशित नहीं करने दिया गया'' भी बिना किसी ठोस प्रमाण के एक गंभीर आरोप है। अगर ऐसा है, तो सवाल उठता है कि कांग्रेस के पास इसके समर्थन में आधिकारिक दस्तावेज, लेखक का सार्वजनिक बयान या प्रकाशक की पुष्टि क्यों नहीं है? संसद में संदेह, कयास और 'कहा जाता है' जैसे शब्दों के आधार पर देश की सुरक्षा नीति पर बहस नहीं की जा सकती। यह न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श को कमजोर करने वाला भी है। कांग्रेस अक्सर यह आरोप लगाती रही है कि सरकार असहज सवालों से डरती है।

लेकिन इस पूरे प्रकरण में डर नहीं, बल्कि प्रक्रिया और नियमों पर जोर दिखा। अगर राहुल गांधी किसी प्रकाशित लेख या आधिकारिक बयान का हवाला देते, तो सरकार के पास उसका जवाब देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। समस्या सवाल में नहीं, सवाल पूछने के तरीके में है। संसद बहस का मंच है, अफवाहों का नहीं। यही कारण है कि गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि "मैगजीन तो कुछ भी लिख सकती है" केवल एक राजनीतिक तंज नहीं, बल्कि तथ्यात्मक चेतावनी भी है।

कांग्रेस की रणनीति पर नजर डालें तो यह साफ दिखता है कि वह सदन के भीतर और बाहर लगातार ऐसे मुद्दे उठाना चाहती है, जिनसे सरकार को राष्ट्रवाद और सुरक्षा के मोर्चे पर घेरा जा सके। लेकिन जब ऐसे प्रयास ठोस तथ्यों के बजाय अपुष्ट संदर्भों पर आधारित हों, तो वे खुद कांग्रेस की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं। जनता अब केवल आरोप नहीं, प्रमाण भी चाहती है। सोशल मीडिया और सूचना के इस दौर में आधे सच ज्यादा देर तक टिकते नहीं।

यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे ने स्वयं सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा है कि डोकलाम में चीनी टैंक भारतीय सीमा के 100 मीटर तक भीतर आ गए थे, जैसा दावा किया गया। अगर ऐसा कोई गंभीर तथ्य होता, तो वह किसी न किसी आधिकारिक माध्यम से सामने आता। सेना और सरकार के बीच संवाद कोई छिपी हुई प्रक्रिया नहीं है, खासकर जब बात सीमा सुरक्षा की हो। ऐसे में अप्रकाशित किताब के हवाले से सनसनी फैलाना न तो जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका है और न ही परिपक्व राजनीति की पहचान।

सदन की कार्यवाही का बार-बार स्थगित होना भी किसी के हित में नहीं है। विपक्ष का काम सवाल पूछना है, लेकिन नियमों के भीतर रहकर। सरकार का काम जवाब देना है, लेकिन तथ्य और मर्यादा के साथ। जब दोनों में से कोई एक भी इस संतुलन को तोड़ता है, तो नुकसान लोकतंत्र का होता है। इस पूरे घटनाक्रम में सरकार ने नियमों का हवाला दिया, जबकि कांग्रेस ने भावनात्मक और आरोपात्मक राजनीति को तरजीह दी। यही अंतर आज की राजनीति की दिशा तय कर रहा है।

अंततः, यह बहस किसी एक किताब या एक बयान तक सीमित नहीं है। यह इस बात की परीक्षा है कि हम संसद को किस रूप में देखना चाहते हैं। एक गंभीर नीति-निर्माण मंच या राजनीतिक सुर्खियों का अखाड़ा। कांग्रेस और राहुल गांधी को आत्ममंथन करना होगा कि क्या बार-बार बेबुनियाद आरोप लगाकर वे वास्तव में राष्ट्रीय हित की सेवा कर रहे हैं, या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ की तलाश में हैं। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन उतनी ही महत्वपूर्ण है उसकी जिम्मेदारी। बिना प्रमाण के आरोप न केवल सरकार को, बल्कि पूरे देश को कमजोर करते हैं। इसलिए जरूरी है कि संसद में आमजन से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के आधार उठाया जाए। संसद केवल खाली हंगामा करने की जगह न बनें। क्योंकि सदन का जितना समय बार्बाद होगा आमजन का भी उताना ही नुकसान होगा। विपक्ष का कर्तव्य है कि व स्वस्थ और आमजन के मुद्दों पर बहस करे। न कि सदन को अखाड़ा बनाकर छोड़ दे। संसद लोगों के लिए योजनाएं और कानून बनाने के लिए है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नीति और सत्ता

अम्बरीष प्रजापति



# न्यायिक दहलीज पर दम तोड़ते कानून

राबीते कुछ समय से देश की शासन व्यवस्था में एक अजीबोगरीब दोहराव देखने को मिल रहा है। केंद्र सरकार जब भी कोई महत्वाकांक्षी नियमावली या कानून पेश करती है, तो वह लागू होने से पहले ही उच्चतम न्यायालय के अवरोधों में फंस जाता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के हालिया समानता संबंधी दिशानिर्देशों पर लगी रोक इसी सिलसिले की एक ताजा मिसाल है।

चाहे वह सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत 'सत्यता जांच इकाई' का विवाद हो, डेटा सुरक्षा कानून की संवैधानिक चुनौतियां हों या प्रसारण विधेयक पर बढ़ता विरोध-यह सब महज इत्तेफाक नहीं हो सकता। यहाँ बुनियादी मसला अदालती दखल का नहीं है, बल्कि उस कार्यप्रणाली का है जिसके तहत ये नियम गढ़े जा रहे हैं। जब बारीकी से तैयार किए गए कानून न्यायिक कसौटी पर बार-बार विफल होने लगें, तो यह नीति-निर्धारकों की दूरदर्शिता और उनकी संवैधानिक समझ पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

**सुधार या नियोजित भ्रम की रणनीति?**

यूजीसी के प्रकरण को ही लें। 'यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन' को जाति, धर्म, लिंग, क्षेत्र ऐसे तमाम आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त कर शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक समरसता, समता भाव स्थापित करने के लिए लाया गया और इसे शिक्षा जगत में सुधार के तौर पर प्रचारित किया गया, लेकिन इसकी अंतर्धारा ने सामाजिक समरसता के बजाय 'जातीय ध्रुवीकरण' को अधिक हवा दी। 'समानता' की शब्दावली का उपयोग करते हुए जिस तरह से पारंपरिक श्रेणियों और पहचानों को पुनर्जीवित किया गया, उसने स्पष्ट कर दिया कि यह केवल प्रशासनिक सुधार नहीं है। कई विश्लेषकों का मानना है कि नियमों में जानबूझकर छोड़ी गई अस्पष्टता किसी सुधार का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक बिसात है।

आज की राजनीति नब्बे के दशक के सीधे टकराव वाली राजनीति से अलग है। अब जाति को मिटाने का संकल्प कहीं ओझल हो गया है; इसके उलट उसे 'पावर गेम' के एक नए सांचे में ढाला जा रहा है। जाति अब सामाजिक चेतना का विषय न रहकर सत्ता के प्रचार-प्रसार, वोट बैंक साधने का माध्यम बन गया है।

**जवाबदेही से बचता सत्ता का शीर्ष**

विडंबना देखिए कि जब भी कोई कानून अदालत में अटकता है, तो सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग बड़ी चतुराई से आलोचना से बच निकलते हैं। दोष कभी समितियों पर मढ़ा जाता है, कभी मंत्रियों पर, तो कभी विपक्ष को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। यह वही पुराना मॉडल है- 'सफलता का श्रेय ऊपर, विफलता की जिम्मेदारी नीचे'। इस पूरी प्रक्रिया में असली 'निर्णय-केंद्र' हमेशा अदृश्य बना रहता है।

**हिंदुत्व और सामाजिक समरसता का क्षरण**

हिंदुत्व का विचार, जो मूलतः सांस्कृतिक एकात्मता और भेदभाव रहित समाज की बात करता था, इस 'पहचान वाली राजनीति' के कारण हाशिए पर जाता दिख रहा है। जब सामाजिक न्याय को लोक-कल्याण के बजाय मार्केटिंग के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है, तो समाज जुड़ने के बजाय बंट जाता है। यह न तो हिंदुत्व की जीत है और न ही सामाजिक न्याय की; यह केवल सत्ता को स्थिर रखने का एक खेल है।

**सुझाव:** इस संवैधानिक और सामाजिक उलझन से निकलने के लिए सरकार को केवल कागजी बदलाव नहीं, बल्कि बुनियादी सुधारों की आवश्यकता है।


एआई आधारित सुरक्षा निगरानी केंद्रः सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में 'एआई सुरक्षा निगरानी केंद्र' स्थापित किए जाएं। ये केंद्र आधुनिक तकनीक के जरिए किसी भी वर्ग, समुदाय के छात्र छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी तथा शिक्षकों के साथ होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव की शिकायतों का निष्पक्ष विश्लेषण हो सकेगा, जिससे मानवीय पूर्वाग्रह और जातीय द्वेष की गुंजाइश खत्म हो सकेगी और जो वास्तविक दोषी होगा उस पर कारवाई हो सकेगी। सरकार शैक्षणिक संस्थानो में जातिगत भेदभव मुक्त परिसर बनाकर जो समता मूलक भाव पैदा करना चाहती है। इस तरह समता मूलक, समरसता युक्त कैंपस बन सकेंगे।

**निष्कर्ष:** लोकतंत्र केवल बहुमत के आंकड़ों से नहीं, बल्कि संवैधानिक विवेक और सामाजिक संवेदनशीलता से चलता है। जब नीति-निर्माण में बौद्धिक और नैतिक ईमानदारी की कमी होती है, तो कानून अदालतों में अटकते हैं और जनता सड़कों पर उतरती है। भारत एक भावप्रधान राष्ट्र है, जहाँ भावनाओं का दोहन करना आसान है, लेकिन अब समय 'बुद्धि' से सोचने का है।

चूंकि आज के दौर में 'कंटेंट' ही किंग है, इसलिए यह जरूरी है कि झूठे नैरेटिव्स के जाल में फंसने के बजाय सच जानने का प्रयास करें। क्योंकि किसी भी भ्रम का अंत केवल तार्किक चर्चा से ही संभव है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकारहैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
**दर्शन**

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

# अपनी गठरी टटोलें



संकलित
**प्रेरणा**

दो आदमी यात्रा पर निकले! दोनों की मुलाकात हुई, दोनों का गंतव्य एक था तो दोनों यात्रा में साथ हो चले। सात दिन बाद दोनों के अलग होने का समय आया तो एक ने कहा- भाई साहब! एक सप्ताह तक हम दोनों साथ रहे क्या आपने मुझे पहचाना? दूसरे ने कहा- नहीं, मैंने तो नहीं पहचाना। पहला यात्री बोला- महोदय मैं एक नामी ठग हूँ परन्तु आप तो महाठग हैं। आप मेरे भी गुरू निकले। दूसरा यात्री बोला- कैसे? पहला यात्री- कुछ पाने की आशा में मैंने निरंतर सात दिन तक आपकी तलाशी ली, मुझे कुछ भी नहीं मिला। इतने दिन साथ रहने के बाद मुझे यह पता है आप बहुत धनी व्यक्ति हैं और इतनी बड़ी यात्रा पर निकले हैं तो ऐसा कैसे हो सकता है कि आपके पास कुछ भी नहीं है? बिल्कुल खाली हाथ हैं! दूसरा यात्री- मेरे पास एक बहुमूल्य हीरा है और थोड़ी-सी रजत मुद्राएं भी है। पहला यात्री बोला- तो फिर इतने प्रयत्न के बावजूद वह मुझे मिले क्यों नहीं? दूसरा यात्री- मैं जब भी बाहर जाता, वह हीरा और मुद्राएं तुम्हारी पोटली में रख देता था और तुम सात दिन तक मेरी झोली टटोलते रहे। अपनी पोटली सँभालने की जरूरत ही नहीं समझी। तो फिर तुम्हें कुछ मिलता कहां से! ईश्वर नित नई खुशियां हमारी झोली में डालते हैं परन्तु हमें अपनी गठरी पर निगाह डालने की फुर्सत ही नहीं है, यही सबकी मूलभूत समस्या है। जिस दिन से इंसान दूसरे की ताकझाक बंद कर देगा उस क्षण सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। अपनी गठरी टटोलें! जीवन में सबसे बड़ा गूढ मंत्र है स्वयं को टटोले और जीवन-पथ पर आगे बढ़े सफलताएं आप की प्रतीक्षा में है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रक्षा पर जोर रोजगार भाव विभोर

बजट को 6.81 लाख करोड़ से बढ़ाकर 7.85 लाख करोड़ यानी 15.2 प्रतिशत की वृद्धि करके देश की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया। मिडिल क्लास के लिए न तो आयकर में कोई नई छूट का प्रावधान रखा गया और न ही गरीब मजदूरों के हित अथवा महंगाई से राहत के लिए कोई ऐसा कदम उठाया गया, जिससे उन्हें सुकून मिल सके। देश के उत्थान में युवकों का सबसे बड़ा योगदान होता है, किंतु बेरोजगारी कम करने के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे उन्हें बेहतर नौकरी या रोजगार मिल सके। सरकार को बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के विषय में भी प्रयास करना चाहिए। कुल मिलाकर इस बार का बजट किसी भी वर्ग को बहुत ज्यादा उत्साहित नहीं कर पाया है। - *संतोष अग्रवाल, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# कक्षाओं में चैटजीपीटी, छात्रों के सीखने का आकलन कैसे

दुनिया के हर क्षेत्र के साथ साथ उच्च शिक्षा में भी जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (जेनएआई) का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और छात्र तथा शिक्षक पढ़ाई, सीखने और मूल्यांकन में चैटबॉट्स को शामिल कर रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं, बल्कि शिक्षा की मूल प्रकृति को प्रभावित करने वाला है। कनाडा के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के 28 शिक्षकों पर आधारित एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि शिक्षा एक निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुकी है। ऐसे समय में यह प्रश्न महत्वपूर्ण हो गया है कि जब एल्गोरिदम मानव संज्ञान को सहारा दे सकते हैं या उसका अनुकरण कर सकते हैं, तब आकलन किस बात का होना चाहिए। एआई और अकादमिक ईमानदारी पर पिछले 15 वर्षों के शोध की समीक्षा से पता चला कि एआई शिक्षा के लिए दोधारी तलवार है। एक ओर, उन्नत टेक्स्ट जनरेटर और अनुवादक मानव-जैसा लेखन कर सकते हैं, जिससे नकल को पकड़ना और उसका पता लगाना ही कठिन हो गया है। साथ ही, ये उपकरण कभी-कभी गलत जानकारी देते हैं या सामाजिक पूर्वाग्रह भी दोहरा सकते हैं। दूसरी ओर, एआई सीखने को अधिक समावेशी बना सकता है, विशेषकर दिव्यांग छात्रों या अतिरिक्त भाषा सीख रहे छात्रों के लिए।




## ऑफ बीट

# अब उम्र तय करने में जीन की भूमिका पहले से अधिक

शोध के अनुसार, आज के दौर में जीवनकाल में जीन का योगदान पहले की तुलना में कहीं अधिक दिखाई देता है। इसके पीछे कारण यह नहीं है कि जीन अचानक ज्यादा प्रभावशाली हो गए हैं, बल्कि यह है कि बीते एक शताब्दी में मृत्यु के कारणों में बड़ा बदलाव आया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एक सदी पहले बड़ी संख्या में लोग दुर्घटनाओं, संक्रमणों और अन्य बाहरी कारणों से मर जाते थे। वैज्ञानिक इन्हें 'बाह्य कारण' कहते हैं। इसके विपरीत, आज विकसित देशों में अधिकांश मौतें 'आंतरिक कारणों' से होती हैं, जैसे उम्र बढ़ने से जुड़ी बीमारियां- हृदय रोग, डिमेंशिया और अन्य रोग। अधिक स्पष्ट तस्वीर के लिए शोध दल ने स्कैंडिनेवियाई देशों में जुड़वां बच्चों के बड़े समूहों का अध्ययन किया। इसमें दुर्घटनाओं और संक्रमणों से हुई मौतों को अलग कर दिया गया। इसके अलावा अमेरिका में अलग-अलग पले-बढ़े जुड़वां बच्चों और सौ साल से अधिक उम्र तक जीने वाले लोगों के भाई-बहनों का भी विश्लेषण किया गया। जब बाहरी कारणों से होने वाली मौतों को अलग कर देखा गया, तो जीवनकाल में जीन का अनुमानित योगदान 20-25 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50-55 प्रतिशत तक पहुंच गया।



## ट्रेंड

### मोदी मेरे अच्छे दोस्त



पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं, वे अपने देश में एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। हम दोनों ऐसे लोग हैं जो काम करके दिखाते हैं। यह बात ज्यादातर लोगों के बारे में नहीं कही जा सकती। हमारी डील से दोनों देशों का विकास होगा।
**-डोनाल्ड ट्रंप,** राष्ट्रपति अमेरिका

### राहुल देश को गुमराह कर रहे



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी देश को गुमराह कर रहे हैं। अमेरिकी के साथ ट्रेड डील से देश को फायदा होगा। देश-विदेश में इसकी तारीफ हो रही है। कृषि-डेयरी क्षेत्र को संरक्षित रखा जाएगा। हमारे इंजीनियरिंग सेक्टर्स के पार्ट्स बनाने वाले, टेक्सटाइल, मरीन गुड, ज्वेलर सेक्टर को बहुत सारे मौके मिलेंगे। **-पीयूष गोयल,** केंद्रीय मंत्री

### इमेज तोड़ रहे मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, क्योंकि जिन्होंने उनकी इमेज बनाई वे अब यह इमेज तोड़ रहे हैं। अमेरिका में अडानी पर केस है, यह असल में मोदी पर केस है। वो मोदी जी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर को टारगेट कर रहे हैं। **-राहुल गांधी,** नेता विपक्ष

### एसआईआर से लोग पीड़ित



पश्चिम बंगाल में कई वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। प्रभावित लोगों को न तो ठीक से सूचना दी जा रही है और न ही उन्हें अपनी बात रखने का पूरा अवसर मिल रहा है। एसआईआर प्रक्रिया से लोग पीड़ित हैं। **-ममता बनर्जी,** सीएम, प. बंगाल

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# अजेय टीम इंडिया की अफगानिस्तान से टक्कर, फाइनल पर टिकीं निगाहें

## आईसीसी अंडर-19 विश्व कप सेमीफाइनलः आज दोपहर 1 बजे से भारत और अफगानिस्तान में भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| हरारे

अब तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम बुधवार को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता के इतिहास में भारत सबसे सफल टीम है। उसने पांच बार (2000, 2008, 2012, 2018, 2022) खिताब जीते हैं। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया का नंबर आता है, जिसने चार बार ट्रॉफी जीती है। इस तरह से भारत रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीतने की दिशा में बुधवार को एक कदम और आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा।

### भारत का अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन

भारत ने अब तक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। उसने अपने सभी पांच मैच आसानी से जीते हैं, जिसमें सुपर सिक्स चरण में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान पर 58 रन की जीत भी शामिल है। भारतीय टीम हालांकि अफगानिस्तान को कम करके आंकने की गलती नहीं करेगी। अफगानिस्तान का भी टूर्नामेंट में प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। उसने अपने पांच मैचों में से चार जीते हैं। उसे एकमात्र हार श्रीलंका से मिली थी। लेकिन खिलाड़ियों की फॉर्म और खेल के हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है।



### टीमें इस प्रकार

- भारत अंडर-19ः आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उधव मोहन, किशन सिंह।
- अफगानिस्तान अंडर-19ः महबूब खान (कप्तान), अजीजुल्लाह मियाखिल, फैसल शिनोजादा, खालिद अहमदजई, उस्मान सादात, उजैरुल्लाह नियाजई, अब्दुल अजीज, अकील खान, खातिर स्टानिकजई, नाजीफुल्लाह अमीरी, नूरिस्तानी उमरजई, रूहुल्लाह अरब, सलाम खान, वहीदुल्लाह जादरान, जैतुल्लाह शाहीन।

### अच्छी फॉर्म में वैभव

विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू ने बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है। इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अब तक पांच मैचों में दो अर्धशतकों की मदद से 199 रन बनाए हैं। बड़े-बड़े शॉट खेलने में माहिर सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (पांच मैचों में दो अर्धशतकों सहित 196 रन) भी अच्छी फॉर्म में हैं, लेकिन टीम प्रबंधन चाहेगा कि वह अपने अर्धशतकों को शतकों में तब्दील करें। ऑलराउंडर विहान मल्होत्रा (पांच मैचों में 172 रन) एक और भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन पर सभी की नजर रहेगी। उन्होंने ग्रुप चरण में जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक (109 नाबाद) लगाया था। कप्तान आयुष म्हात्रे ने गेंदबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच मैचों में अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से छह विकेट लिए हैं, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में सुधार की गुंजाइश है।

## खबर संक्षेप



### पहले टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार इटली

**बेंगलुरु।** वेन मैडसन की अगुवाई वाली इटली की टीम आगामी टी20 विश्व कप में छाप छोड़ने के लिए तैयार है और यह सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं है। पिछले महीने आयरलैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला में चार विकेट से मिली जीत टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ इटली की पहली जीत थी। इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधारों में से एक सहायक कोच केविन ओब्रायन थे, जो आयरलैंड के मशहूर पूर्व ऑलराउंडर हैं।

### विराज ने यूरोप 290 फिडे रेटिंग अंक हासिल कर बटोरी सुर्खियां

**मुंबई।** असम के 11 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी विराज सरावगी ने इटली और जर्मनी में फिडे रेटिंग वाले दो टूर्नामेंटों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 290 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। ये टूर्नामेंट 23 जनवरी को शुरू होकर दो फरवरी को संपन्न हुए। गुवाहाटी के विराज ने 'इटालियन इंटरनेशनल ओपन' में हिस्सा लिया, जिसमें करीब 100 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 1700 से अधिक रेटिंग वाले कई खिलाड़ियों को हराकर अपना अभियान 3.5 अंक के साथ खत्म किया। इसमें उनकी रेटिंग में 122 अंकों की बढ़ोतरी हुई।

### सहजा यमलापल्ली और माया राजेश्वरन मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए से बाहर

**मुंबई।** सहजा यमलापल्ली, माया राजेश्वरन रेवती, श्रीवल्ली भामिदिपति और वैष्णवी अदकर जैसी भारतीय खिलाड़ी मंगलवार को यहां मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के महिला एकल के अंतिम 32 दौर के मुकाबलों में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। भारत की नंबर एक महिला एकल खिलाड़ी सहजा को जापान की एरी शिमिजु ने एक घंटे 50 मिनट चले मुकाबले में 7-5, 6-2 से हराया। श्रीवल्ली पर क्रिस्टियाना सिडोरोवा ने सधी हुई रणनीति के साथ 6-1, 6-3 से जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

### अभ्यास मैचः जिम्बाब्वे व ओमान और नेपाल जीते

**कोलंबो/चेन्नई।** जिम्बाब्वे ने रेयान बर्ल के अर्धशतक और तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा के तीन विकेट की बदौलत मंगलवार को यहां प्रेमदासा स्टेडियम में अपने पहले अभ्यास मैच में नीदरलैंड को 29 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने नौ विकेट पर 178 रन का सम्मानजनक स्कोर बनाया। नीदरलैंड की टीम 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 149 रन ही बना पाई। नेपाल ने दीपेन्द्र सिंह ऐरी (31 गेंद में नाबाद 50 रन) और आरिफ शेख (37 गेंद में नाबाद 61 रन) के अर्धशतक और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 103 रन की अटूट साझेदारी से चेपक स्टेडियम में यूएई को सात विकेट से हरा दिया। कोलंबो कोल्ट्स क्लब मैदान पर एक अन्य मैच में ओमान ने श्रीलंका ए को दो ओवर शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ए ने नौ विकेट पर 145 रन बनाए।

## विदेशी टीमों में भारतीय मूल के 3 दर्जन से अधिक क्रिकेटर

# जसप्रीत से लेकर दिलप्रीत तक, टी20 विश्वकप में विदेशी टीमों के लिए खेलेंगे भारतीय मूल के प्लेयर्स

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप में कई टीमों में भारतीय मूल के क्रिकेटरों की भरमार है, जो 7 फरवरी से होने वाले टूर्नामेंट में अपनी 'घरेलू धरती' पर प्रभाव छोड़ने के लिए पुरजोर कोशिश करेंगे। विदेशी टीमों में भारतीय मूल के तीन दर्जन से भी अधिक क्रिकेटर हैं, जिनमें कनाडा और अमेरिका सबसे आगे हैं। मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर जैसे खिलाड़ी के लिए वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ खेलना एक यादगार पल होगा। जिस देश में उन्होंने जन्म लिया वह उसकी तरफ से तो नहीं खेल पाए लेकिन अपने बचपन की इस धरती पर वापसी के लिए भावुक हैं। फगवाड़ा में जन्मे इटली के तेज गेंदबाज जसप्रीत सिंह भी उस देश में शीर्ष स्तर की क्रिकेट खेलने के लिए बेताब हैं, जिसे उन्होंने किशोरावस्था में ही छोड़ दिया था। नीदरलैंड के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त का जन्म भारत में नहीं हुआ, लेकिन वह भी अपने मूल देश में खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

### कनाडा टीम में भारतीय मूल के सबसे अधिक खिलाड़ी

आईसीसी की इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 20 टीमों में कनाडा (11) की टीम में भारतीय मूल के खिलाड़ियों की संख्या सबसे अधिक है। उसके बाद अमेरिका (09), ओमान (07) और यूएई (07) का नंबर आता है। मेजबान भारत अपनी घरेलू धरती पर खिताब का बचाव करने की कोशिश करेगा लेकिन कई अन्य टीमों में भी 'भारतीय दबदबा' देखने को मिलेगा।





### कनाडा के कप्तान दिलप्रीत बाजवा

गुरदासपुर में जन्में बाजवा 2020 में ही कनाडा गए थे और छह साल बाद वह कनाडा की टीम के कप्तान के रूप में भारत आए हैं। पंजाब में आयु वर्ग की क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बावजूद बाजवा को वह अवसर नहीं मिले जिनकी उन्हें उम्मीद थी। उन्होंने हालांकि निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और कम प्रतिस्पर्धी माहौल में अपनी क्रिकेट यात्रा जारी रखी। कनाडा ग्लोबल टी20 लीग में मिली सफलता से उन्होंने कनाडा की टीम में जगह बनाई और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### नीदरलैंड टीम में आर्यन दत्त

आर्यन दत्त को 2023 में वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय प्रशंसकों के सामने खेलने का अनुभव है। नीदरलैंड की टीम में भारतीय मूल के एकमात्र क्रिकेटर 22 वर्षीय आर्यन दत्त का लक्ष्य प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करके शीर्ष टीमों को हैरान करना है। दत्त का परिवार 1980 के दशक में पंजाब से नीदरलैंड चला गया था। भारत में अब भी उनके परिवार के कुछ सदस्य रहते हैं।

### भारतीय मूल के क्रिकेटर जो छोड़ सकते हैं प्रभाव

अमेरिका के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर भारत के लिए अंडर-19 क्रिकेट खेल चुके अमेरिका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नेत्रवलकर विश्व कप के पहले मैच में भारत का सामना करने के लिए मुंबई पहुंच चुके हैं। उन्होंने पिछले विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में काम करने वाले इस 34 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछली बार बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिससे अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान जैसी टीमों को हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया था। नेत्रवलकर भारत की अधिक चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेलने के लिए बेताब हैं।

### अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल


मोनांक पटेलः भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका की कप्तानी आनंद में जन्मे मोनांक पटेल करेंगे, जिन्होंने पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैच विजेता अर्धशतक लगाकर अपनी छाप छोड़ी थी। यह 32 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गुजरात अंडर-19 टीम के अपने पूर्व साथी जसप्रीत बुमराह का सामना करने के लिए उत्सुक है। वह मैदान के बाहर अपने बचपन के दिनों को याद कर रहे हैं। बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक बन गए हैं और मोनांक को किशोरावस्था में ही इसका पता चल गया था।

### फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह

फगवाड़ा में जन्मे जसप्रीत सिंह पर भी लोगों की निगाहें टकी रहेंगी। यह 32 वर्षीय खिलाड़ी 2006 में अपने परिवार के साथ इटली के मिलान चला गया था। उन्होंने इटली में टेप-बॉल क्रिकेट से अपने करियर की शुरुआत की और 2016-17 में लाल गेंद की क्रिकेट में कदम रखा और फिर 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। आईसीसी प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलना उस तेज गेंदबाज के लिए सपने जैसा है, जो कुछ समय पहले तक आजीविका के लिए उबर ड्राइवर के रूप में काम करता था।

## डब्ल्यूटीए रैंकिंग

# शीर्ष पर सबालेंका, तीसरे स्थान पर पहुंचे जोकोविच



एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

कार्लोस अल्काराज़ से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में हारने वाले 24 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अल्काराज़ ने दूसरे नंबर के खिलाड़ी यानिक सिनर से आगे रहते हुए एटीपी टूर पर अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखी है। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में सिनर को हराने वाले जोकोविच एक पायदान ऊपर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। 38 वर्षीय जोकोविच अगस्त 2024 के बाद पहली बार शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। डब्ल्यूटीए टूर पर एरीना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में एलिना रयबाकिना से हारने के बावजूद अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। रयबाकिना रैंकिंग में दो स्थान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गईं, जबकि इगा स्वियातेक दूसरे स्थान पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में चौथे से छठे स्थान पर तीन अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा, कोको गॉफ और जेसिका पेगुला हैं। सेमीफाइनल में हारने वाली एलिना स्वितोलिना दो पायदान चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गईं हैं।

# अल हिलाल से जुड़े फ्रांस के दिग्गज बेंजेमा, रोनाल्डो के खिताब पर ग्रहण



एजेंसी ▶▶| रियाद


फ्रांस के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी करीम बेंजेमा सऊदी अरब के क्लब अल इत्तिहाद को छोड़कर दूसरे क्लब अल हिलाल से जुड़ गए हैं, जो क्रिस्टियानो रोनाल्डो की खिताब जीतने की उम्मीदों के लिए बुरी खबर हो सकती है। पूर्व बैलोन डीओर विजेता बेंजेमा सऊदी प्रो लीग के अग्रणी क्लब अल हिलाल में शामिल हो गए हैं, जो रोनाल्डो के क्लब अल नासर से लीग तालिका में एक अंक आगे है। रोनाल्डो को 2022 में सऊदी अरब के क्लब से जुड़ने के बाद से अब भी अपने पहले लीग खिताब का इंतजार है। अल हिलाल उनके क्लब का मुख्य प्रतिद्वंद्वी है, जिसने पांच बार के चैंपियंस लीग विजेता बेंजेमा को टीम में शामिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर बेंजेमा ने पिछले साल अल इत्तिहाद को लीग के खिताब के साथ-साथ किंग्स कप का चैंपियन बनाने में भी अहम भूमिका निभाई थी। अल हिलाल सऊदी अरब की सबसे सफल टीम है, जिसने 21 लीग खिताब और चार एशियाई चैंपियनशिप जीती हैं। पिछले साल अल हिलाल ने क्लब विश्व कप में मैनचेस्टर सिटी को 4-3 से हराकर सभी को चौंका दिया था।

# गुजरात को 7 विकेट से हराकर दिल्ली चौथी बार फाइनल में

भाषा ▶▶| वडोदरा

शिनेल हेनरी (35 रन पर तीन विकेट) और नंदिनी शर्मा (44 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 के एलिमिनेटर मैच में मंगलवार को यहां गुजरात जायंट्स को 26 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराकर लगातार चौथी बार फाइनल का टिकट कटाया। कैपिटल्स के सामने बृहस्पतिवार को खेले जाने वाले फाइनल में पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चुनौती होगी। जायंट्स को सात विकेट पर 168 रन पर रोकने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने 15.4 ओवर में तीन विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। कैपिटल्स के लिए लिजेल ली ने 24 गेंद में 43, शेफाली वर्मा ने 21 गेंद में 31, कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने 23 गेंद में 41 और लौरा वोल्वार्डट ने 24 नाबाद 32 रन का योगदान दिया। ली और शेफाली ने पहले विकेट के लिए 43 गेंद में 89 रन की आक्रामक साझेदारी के साथ मैच का रुख तय किया तो वहीं वोल्वार्डट और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए 42 गेंद में 68 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत को जाया नहीं होने दिया। जायंट्स के लिए जॉर्जिया वेयरहम ने दो जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ को एक सफलता मिली। सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी की नाबाद 62 रन की शानदार पारी के दम पर जायंट्स ने सात विकेट 168 रन बनाये।



# नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में खेलेंगे गुकेश, स्टार खिलाड़ी करेंगे शिरकत

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

मौजूदा विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश मई में नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जिसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी और गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन सहित कई स्टार खिलाड़ी शिरकत करेंगे। गुकेश ने 25 मई से 5 जून तक होने वाले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। यह दुनिया के सबसे कड़े शतरंज टूर्नामेंट में से एक होगा। यह प्रतियोगिता अपने पारंपरिक स्थल स्टेवेंगर से ओस्लो में स्थानांतरित होने वाली है। पिछले साल ओपन वर्ग में तीसरे स्थान पर रहे भारतीय स्टार गुकेश खेल के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन के रूप में ओस्लो आएंगे।



### मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा

*गुकेश ने कहा, ' मैं नॉर्वे शतरंज में फिर से हिस्सा लेकर बहुत खुश हूं। हमेशा की तरह बहुत मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ मुकाबला करूंगा और सभी रोमांचक बाजियों का इंतजार कर रहा हूं।' गुकेश ने 2024 में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और फिर तत्कालीन विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर सिर्फ 18 साल की उम्र में विश्व खिताब हासिल किया। गुकेश ने अपनी प्रगति के दौरान कई उपलब्धियां हासिल की, जिसमें 2750 रेटिंग अंक पार करने वाला अब तक का सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनना और 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल करना शामिल है। वह शतरंज के इतिहास में तीसरे सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर हैं। नॉर्वे शतरंज में 2025 में गुकेश ने कार्लसन पर अपनी पहली क्लासिकल जीत भी हासिल की थी।*

## भारतीय निशानेबाजी के लिए बड़ी उपलब्धि

# भारत में होगी एशियाई ओलंपिक क्वालीफाइंग चैंपियनशिप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है।

एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की।

### दिल्ली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन



एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ (एएससी) ने पत्र में कहा, ' हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे।' पत्र में कहा गया है, ''हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।'' देव को उम्मीद है कि इन प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय निशानेबाज ओलंपिक में अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं।

### तिथियों की घोषणा जल्द

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार सिंह ने कहा, 'यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'एशियाई चैंपियनशिप की तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने प्रमुख प्रतियोगिताओं की सफल मेजबानी करने की हमारी क्षमताओं पर भरोसा दिखाया है। इससे निशानेबाजी में भारत के बढ़ते प्रभाव और आईएसएसएफ का हम पर भरोसे का पता चलता है।' सिंह ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारत इन दोनों प्रतियोगिताओं का पूरा फायदा उठाकर अधिक से अधिक कोटा स्थान हासिल करेगा।




## मिसाइल तकनीक में भारत की बड़ी छलांग

# सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा देश, दुश्मन भी नहीं पकड़ सकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व प्रमुख और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ए. शिवथनु पिल्लै ने कहा कि भारत तेजी से रक्षा और आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसकी बड़ी वजह देश में बनी (स्वदेशी) हाइपरसोनिक तकनीक और तेजी से बढ़ता अंतरिक्ष क्षेत्र है।

डॉ. पिल्लै ने बताया कि भारत अब सामान्य मिसाइल तकनीक से आगे बढ़कर 'सुपर ब्रह्मोस' पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अभी ब्रह्मोस मिसाइल की गति मैक-3 है, लेकिन लक्ष्य इसे मैक-7 जैसी हाइपरसोनिक गति तक ले जाना है। उन्होंने समझाया कि गति जितनी ज्यादा होगी, मिसाइल की ताकत उतनी ही ज्यादा होगी। इतनी तेज मिसाइल को दुश्मन का रक्षा तंत्र पकड़ नहीं पाएगा। डॉ. पिल्लै ने कहा कि वे 40 साल तक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ जुड़े रहे और आज भी भारत उनके दिखाए रास्ते पर चलकर एक विकसित देश बनने की ओर बढ़ रहा है।

**खास बातें**

- मैक–7 की हाइपरसोनिक गति से चलेगी
- स्वदेशी हाइपरसोनिक तकनीक पर काम कर रहा भारत
- पनडुब्बी, युद्धपोत, लड़ाकू विमान या जमीन से लॉन्च किया जा सकेगा
- आधुनिक गाइडेंस और कंट्रोल सिस्टम लगे हुए हैं

### दुनिया के शीर्ष देशों में भारत शामिल


हाइपरसोनिक मिसाइल ब्रह्मोस

डॉ. पिल्लै ने कहा कि भारत ने पहले ही 1,000 सेकंड तक हाइपरसोनिक तकनीक का सफल परीक्षण कर लिया है, जिससे वह दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल हो गया है। फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल देने के बाद कई अन्य देशों ने भी इसमें रुचि दिखाई है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में ब्रह्मोस की सफलता के बाद इसकी मांग और बढ़ी है। डॉ. पिल्लै ने यह साफ किया कि भारतीय सेना को जो ब्रह्मोस दी जाती है, वह निर्यात की जाने वाली मिसाइलों से ज्यादा उन्नत होती है। उन्होंने सरकार द्वारा रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) पर बढ़ाए गए खर्च और एएमसीए जैसे स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट की भी तारीफ की।


डॉ. ए. शिवथनु पिल्लै

**भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था**

डॉ. पिल्लै ने कहा कि भारत इस समय दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। गगनयान मिशन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहले बिना इंसान वाले मिशन भेजे जाएंगे, जिनमें एक रोबोट लड़की होगी, जिससे अंतरिक्ष से वापसी और सुरक्षा की जांच की जाएगी। उसके बाद प्रशिक्षित अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा।

### डीआरडीओ और रूस ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे

भारत-रूस लॉन्ग रेंज हाइपरसोनिक ब्रह्मोस पर काम करना शुरू कर दिया है। इस संयुक्त परियोजना के तहत भारत की डीआरडीओ और रूस की एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया ब्रह्मोस के नए वर्जन को अधिक माडर्न बनाने का काम कर रहे हैं। इसमें पहले मौजूद ब्रह्मोस का अपग्रेडेशन के साथ नई मिसाइलों को विकसित करने की योजना है। एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया के सीईओ और चीफ डिजाइनर अलेक्जेंडर लियोनोव ने कहा कि भारत और रूस मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल को लगातार बेहतर बना रहे हैं और साथ ही हाइपरसोनिक तकनीक पर भी काम कर रहे हैं।


अलेक्जेंडर लियोनोव

### उधमपुर के ऊपरी इलाकों में मुठभेड़

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के एक दूरस्थ वन क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों द्वारा जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के दो से तीन संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादियों को एक प्राकृतिक गुफा के अंदर घेर लिए जाने के बाद लगभग एक घंटे तक चली भीषण गोलीबारी ने इलाके को दहला दिया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी घायल हो गया, लेकिन वह गुफा में वापस जाने में कामयाब रहा, जबकि सेना ने छिपे हुए आतंकवादियों को मार गिराने के लिए पैराट्रूपर्स और खोजी कुत्तों की एक टीम को तैनात किया। सेना की व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विद्रोह रोधी बल 'डेल्टा', पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों का 'किया' नामक ऑपरेशन के दौरान बसंतगढ़ के सामान्य क्षेत्र में शाम लगभग चार बजे आतंकवादियों से सामना हुआ। सेना ने कहा, ''घेराबंदी कर दी गई है। गोलीबारी जारी है और अभियान आगे बढ़ रहा है।''

## क्या भारत बंद करेगा रूसी तेल खरीद?

# ट्रंप के ऐलान पर रूस बोला- नई दिल्ली से नहीं मिला कोई इशारा

*अमेरिका और भारत के बीच हुए समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा*

रूस बोला- भारत के साथ संबंध मजबूत बने रहेंगे | भारतीय रिफाइनरीज ने अब तक रूस से रद्द नहीं किए समझौते

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ व्यापार समझौते का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही अमेरिका ने टैरिफ घटाकर 18 फीसदी कर दिया है। इस समझौते को 'फादर ऑफ ऑल डील्स' भी कहा जा रहा है। इस मामले पर अब रूस का बयान भी सामने आ गया है। रूसी सत्ता के केंद्र 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि उसे भारत से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद वह रूसी तेल खरीदना बंद कर देगा।

पेस्कोव ने कहा कि हमें इस मामले पर नई दिल्ली से अभी तक कोई संदेश नहीं मिला है। रूस भारत के साथ संबंधों पर ट्रंप की टिप्पणियों का सावधानीपूर्वक विश्लेषण कर रहा है। पेस्कोव ने कहा कि हम अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय संबंधों का सम्मान करते हैं। लेकिन हम रूस और भारत के बीच एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के विकास को भी उतना ही महत्व देते हैं। यह हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है और हम दिल्ली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को और विकसित करने का इरादा रखते हैं।

### स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे


डोनाल्ड ट्रंप पीएम नरेंद्र मोदी व्लादिमीर पुतिन

*रूस के डिप्टी पीएम अलेक्जेंडर नोवाक ने कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि रूस को भारत द्वारा रूसी तेल को अस्वीकार करने की संभावना के संबंध में केवल अमेरिका की ओर से सार्वजनिक बयान ही देखने को मिले हैं। मंत्रिमंडल में ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे नोवाक ने कहा कि अभी तो सिर्फ सार्वजनिक बयान ही सामने आए हैं। देखते हैं आगे क्या हालात बनते हैं। उन्होंने कहा कि रूस को भरोसा है कि उसके ऊर्जा संसाधनों की वैश्विक स्तर पर मांग बनी रहेगी, क्योंकि वे आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बनाए रखते हैं। कुल मिलाकर, हमारे ऊर्जा संसाधनों की मांग बनी हुई है। आपूर्ति हमेशा मांग के अनुरूप बनी रहेगी क्योंकि संतुलन कायम है। रूस के ऊर्जा मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें भारतीय रिफाइनरी कंपनियों से अनुबंध रद्द करने के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली है।*

### मांग का 88% आयात कर रहा भारत

भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत हिस्सा दूसरे देशों से खरीदता है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। वर्ष 2021 तक भारत द्वारा आयात किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल का हिस्सा मुश्किल से 0.2 प्रतिशत था। विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश भारत, फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मॉस्को से दूरी बनाने के बाद रियायती रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया।

### रिफाइनरीज मार्च तक का समय चाह रही

भारत-अमेरिका समझौते से भारतीय रिफाइनरीज के आगे समस्या खड़ी हो गई है, क्योंकि वो फौरन रूसी तेल को रोक नहीं सकते हैं। उन्होंने पहले से ही डील कर रखी है, उसकी डिलिवरी भी करनी है। कंपनियों को अब रूस से तेल पर पूरी तरह से पाबंदी लगाने की शर्त को मानने के लिए विंड डाउन पीरियड की जरूरत है। कंपनियों ने जो तेल खरीद रखे हैं, उनकी आपूर्ति मार्च तक ही हो पाएगी। भारतीय रिफाइनर्स ने फरवरी में तेल टैंकरों के लिए कार्गो बुक किए हैं, जो मार्च तक ही पहुंच पाएंगे। ऐसे में इन कंपनियों को मार्च तक की मोहलत चाहिए, ताकि जो करार ये कर चुकी हैं, वो समय रहते पूरी की जा सकें।

**रूस से कच्चे तेल का आयात घटाया**

जनवरी के पहले तीन हफ्तों में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 11 लाख बैरल प्रति दिन रह गया, जबकि पिछले महीने यह औसतन 12.1 लाख बैरल प्रति दिन था और 2025 के मध्य में आयात 20 लाख बैरल प्रति दिन से अधिक होने का अनुमान था। इराक अब रूस के लगभग बराबर मात्रा में आपूर्ति कर रहा है, जो दिसंबर 2025 में औसतन 9,04,000 बैरल प्रति दिन से ज्यादा है। सऊदी अरब से भी तेल का उत्पादन जनवरी में बढ़कर 9,24,000 बैरल प्रति दिन हो गया, जो दिसंबर में 7,10,000 बैरल प्रति दिन और अप्रैल 2025 में 5,39,000 बैरल प्रति दिन के निचले स्तर पर था।

## डर कर लोग घरों से बाहर निकले

### म्यांमार में 6.1 तीव्रता का भूकंप आने से कोलकाता तक लगे झटके

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कुछ इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। म्यांमार में 6.1 तीव्रता का भूकंप आने से कोलकाता में धरती हिली इसके बाद लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप के कारण पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों, जिसमें कोलकाता और पड़ोसी बांग्लादेश शामिल हैं, में झटके महसूस होने की खबर है। भूकंप म्यांमार के अकयाब से 70 मील पूर्व में आया। पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों, जिसमें कोलकाता और पड़ोसी बांग्लादेश शामिल हैं। कोलकाता में भूकंप के झटके 9.15 बजे के करीब झटके लगे। कोलकाता और बंगाल सरकार की किसी भी अथॉरिटी ने किसी जानमाल की पुष्टि नहीं की है। म्यांमार में भूकंप ऐसे वक्त पर आया है जब कुछ घंटे पहले ही बांग्लादेश में धरती हिली थी। रिपोर्ट के अनुसार यह 24 घंटे से भी कम समय में बांग्लादेश में महसूस किया गया दूसरा भूकंप भी है। म्यांमार में आए तीव्र भूकंप के झटके कोलकाता में महसूस किए गए। कोलकाता के लोगों ने बताया कि कोलकाता के लोगों ने बताया कि उन्हें घरों और रेस्टोरेंट में झटके महसूस हुए। अधिकारियों ने तुरंत किसी नुकसान या जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं दी है। लोगों ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके भूकंप की जानकारी दी।

## मुंबई हवाई अड्डे पर घटना

### एअर इंडिया और इंडिगो विमानों के पंखों के किनारे एक-दूसरे से टकराए

**मुंबई (भाषा)।** मुंबई हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम एक असामान्य घटना के तहत एअर इंडिया और इंडिगो के दो विमानों के पंखों के किनारे एक दूसरे से टकरा गए, जिसके बाद विमानों को जांच के लिए खड़ा कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक, एअर इंडिया का विमान रवाना हो रहा था, जबकि इंडिगो का विमान उतर रहा था। मुंबई एयरपोर्ट पर समानांतर रनवे हैं। दोनों ही विमान एयरबस ए320 थे। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि तीन फरवरी को मुंबई से कोयंबटूर जाने वाली उड़ान एआई2732 में देरी हुई, क्योंकि निर्धारित विमान रवाना होने से पहले टैक्सीवे पर प्रतीक्षा के दौरान एक अन्य विमानन कंपनी के विमान के संपर्क में आ गया। दोनों विमानों के पंखों के किनारे टकराने से हमारे विमान के पंख के किनारे को नुकसान पहुंचा। वहीं, इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि हैदराबाद से मुंबई आ रही उड़ान 6ई791 के पंख का किनारा उतरने के बाद एक अन्य विमानन कंपनी के विमान से संपर्क में आ गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के प्रवक्ता ने बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की एक टीम मौके पर मौजूद है और दोनों विमानों को जांच के लिए वापस उनके स्थान पर ले जाया गया है।




**खबर संक्षेप**

### फ्रांस में एक्स के दफ्तर पर छापा, जांच शुरू

**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में सरकारी अभियोजकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के दफ्तरों में छापामारी की। यह कार्रवाई एक प्रारंभिक जांच के तहत की गई है, जिसमें कई गंभीर अपराधों के आरोपों की जांच की जा रही है। मामले की जांच साइबर अपराध इकाई द्वारा पिछले साल जनवरी में शुरू की गई थी।

### ऑस्ट्रेलिया में गांधी की कांस्य प्रतिमा चोरी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में स्थित ऑस्ट्रेलियन इंडियन कम्युनिटी सेंटर से महात्मा गांधी की एक कांस्य प्रतिमा चोरी हो गई है। यह प्रतिमा भारत सरकार की तरफ से भेंट की गई थी। 12 नवंबर 2021 को ऑस्ट्रेलिया के तत्कालीन पीएम स्कॉट मॉरिसन ने इसका उद्घाटन किया था। इस घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक यह घटना 12 जनवरी की रात करीब 12:50 बजे हुई। नॉक्स क्राइम इन्वेस्टिगेशन यूनिट इस चोरी की जांच कर रही है।

## दुनिया के सबसे बड़े हनीट्रैप को लेकर अब एक और बड़ा दावा

# एपस्टीन फाइल्स में 1000 बार लिया गया रूसी राष्ट्रपति पुतिन का नाम

रूस से लड़कियों की तस्करी का 'हनीट्रैप' संदेह | पुतिन के साथ बैठकों और रूसी वीजा पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी के जेफरी एपस्टीन मामले में बड़ा नाम सामने आया है। एपस्टीन से जुड़ी फाइलों के ताजा रिलीज में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से जोड़ने वाले हजारों मैसेज मिले हैं। इन मैसेजों के जरिए एक नई थ्योरी सामने आई है कि एपस्टीन असल में काम किसके लिए करता था? इन जारी ईमेल्स से पता चलता है कि कुछ अनजान सोर्स एपस्टीन और रूसी राष्ट्रपति के बीच मीटिंग्स के बारे में बात कर रहे थे। शुक्रवार को जारी किए गए डॉक्यूमेंट्स में पुतिन का नाम लगभग 1,000 बार आया है, जबकि मॉस्को का जिक्र लगभग 10,000 बार किया गया है।

### पुतिन से मीटिंग का जिक्र



मई 2013 में, एपस्टीन ने काउंसिल ऑफ यूरोप के सेक्रेटरी जनरल थोरबजोर्न जगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि वह पुतिन और रूस को फाइनेंशियल सिस्टम को फिर से बनाने में मदद करना चाहता है। उसी महीने, इजराइल के पूर्व पीएम एहूद बराक को एक ईमेल में, एपस्टीन ने दावा किया कि पुतिन ने उनसे मिलने की कोशिश की थी, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। साल 2018 में, एपस्टीन ने राष्ट्रपति ट्रंप के तत्कालीन व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ, स्टीव बैनन को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और जैगलैंड के बीच होने वाली एक मीटिंग के बारे में ईमेल किया था। इसके कुछ ही समय बाद, एपस्टीन ने जैगलैंड को एक ईमेल में लिखा कि लावरोव मुझसे बात करके जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### शांति वार्ता से पहले रूस का यूक्रेन पर हमला

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं। जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है।

## बी 787 ईंधन 'स्विच' समस्या

### जांच में कुछ असामान्य न दिखने पर भरी थी उड़ान : डीजीसीए

**नई दिल्ली (भाषा)।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को कहा कि एक फरवरी को लंदन से उड़ान भरने वाला एवं ईंधन नियंत्रण स्विच संबंधी समस्या का सामना करने वाला एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान चालक दल द्वारा 'स्विच' की भौतिक जांच किए जाने के बाद रवाना हुआ था और उस समय इंजन के स्टार्ट होने के दौरान या उसके बाद कोई असामान्य चीज नहीं दिखी थी। लंदन से बेंगलुरु आने वाली उड़ान एआई132 में 200 से ज़्यादा लोग सवार थे। लंदन में हीथ्रो हवाई अड्डे पर विमान के बाएं इंजन का ईंधन नियंत्रण स्विच, इंजन को स्टार्ट करते समय दो बार 'रन' पोजीशन पर 'लॉक' नहीं हुआ, और तीसरी कोशिश में स्विच ठीक से 'रन' पोजीशन पर लॉक हुआ था। ड्रीमलाइनर से जुड़ी घटनाओं के बारे में डीजीसीए का विस्तृत बयान ऐसे समय आया है, जब कुछ हलकों में ईंधन नियंत्रण स्विच की समस्या के बावजूद विमान के उड़ान भरने को लेकर चिंता जताई जा रही थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28